तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 4 सितंबर 2025




10 16.97 करोड़ से कचरा प्रोसेसिंग के लिए लगेगा इंटीग्रेटेड प्लांट, होगी रिसाइकलिंग




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


### धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों से खराब हो रहे खेल मैदान, दुर्घटना की आशंका

# ये हैं हमारे शहर के खेल मैदान...गंदे डिस्पोजल, टूटी शराब की बोतलें, ऐसे में ही मॉर्निंग वॉक और खिलाड़ी कर रहे प्रैक्टिस

विमल शंकर झा ⏭ भिलाई

भिलाई के सबसे बड़े खेल परिसर जयंती स्टेडियम से लगे बीएसपी खेल मैदान में बदइंतजामी का खामियाजा खिलाड़ियों और हवाखोरी के लिए आने सैकड़ों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विभिन्न आयोजनों के लिए खुदाई से खेल मैदान खराब हो रहा है। वहीं चौतरफा अव्यवस्था और अराजकता के चलते प्रेक्टिस के दौरान असुविधा और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने इस खेल मैदान को स्टेट और नेशनल प्रतियोगिताओं और वाकिंग के लिए सुरक्षित रखे जाने की मांग की है।



उल्लेखनीय है कि सिविक सेंटर और भिलाई क्लब के निकट जयंती स्टेडियम खेल मैदान खेलों के लिए महत्वपूर्ण है। चारों ओर से खुला, विशाल और हरियाली से आच्छादित होने से विभिन्न के खेल आयोजनों के लिए अति उपयोगी है। खेलों के अलावा यहां सायकल पोलो, बाक्सिंग, क्रिकेट,फुटबाल, खोखो और एथलेक्टिस की स्टेट, नेशनल व सेल स्तरीय प्रतियोगिताएं होती रहती हैं। विभिन्न खेलों के पुरुष महिला खिलाड़ी यहां रोज प्रेक्टिस भी करते हैं। राष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर भव्य कार्यक्रम होता है। साथ राज्य शासन और बीएसपी के कई बड़े अधिकारी और आम लोग यहां सुबह शाम वाकिंग के लिए भी आते हैं। लेकिन इतने महत्वपूर्ण और बहुपयोगी खेल मैदान में अव्यवस्था और अराजकता खिलाड़ियों पर भारी पड़ रही है। गैर खेल आयोजनों और बदइंतजामी से मैदान के खराब होने से खिलाड़ियों के परेशानी हो रही है। खिलाड़ियों ने बताया कि खेल मैदान में गैर खेल आयोजनों के दौरान भारीभरकम व भव्य शेड व पंडाल लगाने के लिए बड़े बड़े गड्ठे खोदे जाने से मैदान ऊबड़-खाबड़ होकर खराब हो रहा है। गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से खिलाड़ी वाकिंग करने वाले कीचड़ में फिसल कर गिर रहे हैं। यहां राजनीतिक सभाए व सम्मेलनों के लिए भी खुदाई की जाती है जिससे नालियों के साथ चौतरफा बिखरा बिखरे कचरे से भारी गंदगी व बदबू से लोग परेशान होते हैं।

## अराजकता व आवाजाही से खिलाड़ियों को व्यवधान

खेल मैदान में खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा परेशानी यहां अराजकता और अव्यवस्था से हो रही है। मैदान चारों ओर से ओपन होने से बीच से आम लोग सिविकसेंटर से शार्टकट मड़ौदा व रिसाली सेक्टर की ओर जाने दोपहिया आदि वाहनों से आते जाते रहते हैं। इससे प्रेक्टिश व स्पर्धाओं के दौरान खिलाड़ियों को व्यवधान के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। दो साल पूर्व सायकल पोलो अभ्यास के दौरान एक बच्ची मोटरसायकल की ठोकर से घायल हो गई थीं। आवाजाही के अलावा यहां आवारा मवेशी और कुत्तों के साथ आवारा युवक युवतियों के जमावड़े से भी परेशानी होती है । खिलाड़ियों ने बताया कि अभ्यास के दौरान मैदान के किनारे समूहों में लड़के लड़कियां नशे के साथ आपत्तिजनक हरकतों से व्यवधान बनते हैं। सूखा नशा व शराबनोशी के बाद मैदान में खाली बोतलें फोड़कर फेक देते हैं और डिस्पोजल जूठन आदि की गंदगी की भी बदबू होती है।



## खिलाड़ियों व वाकिंग के लिए करें आरक्षित

खिलाड़ियों ने बहुपयोगी इस खेल मैदान को सिर्फ खिलाड़ियों और लोगों के वाकिंग के लिए आरक्षित और सुरक्षित रखे जाने की मांग जिला प्रशासन व बीएसपी से की है। खेल प्रतियोगिताओं व वाकिंग के दौरान आवाजाही रोकने चारों ओर से फेंसिंग किए जाने का सुझाव दिया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जयंती स्टेडियम तालाब, भिलाई निवास आसपास नशेड़ियों, व अराजत तत्वों का अड्डा लगा रहता है। यहीं छह माह पूर्व हिस्ट्रशीटर अमित जोस के छिपे होने के बाद पुलिस ने इनकाउंटर किया था।

## खबर संक्षेप

### बिजली पोल और ट्रांसफार्मर का भी टैक्स वसूलेगा रिसाली निगम



भिलाई। रिसाली निगम जल्द ही छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को टैक्स जमा करने डिमांड जारी करेगा। निगम ने राजस्व बढ़ाने छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को अपने दायरे में लिया है। कंपनी द्वारा लगाए विद्युत खंबे और ट्रांसफार्मर वाले स्थान का कर निर्धारण किया जाएगा। उक्त निर्णय बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने निर्णय लिया है। परिषद के सद्स्यों ने कहा कि छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी वर्तमान में नगर पालिक निगम रिसाली के क्षेत्राधिकार वाली भूमि का उपयोग घरों तक कनेक्शन देने, स्ट्रीट लाइट के अलावा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कर रही है। इसके लिए नियमतः निगम को कर लेना चाहिए। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि निगम का आय बढ़ाने के लिए सबका सम्यक प्रयास होना चाहिए। निगम के अधिकारी गंभीरता से सर्वे पश्चात कर निर्धारण कर कंपनी को डिमांड जारी करे। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे। संपत्तिकर विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा ने बताया कि संपूर्ण रिसाली क्षेत्र में लगभग 10 हजार विद्युत खंबा है। साथ ही 200 स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगा है। कर निर्धारण होने से हर वर्ष निगम के खजाने में लगभग 8 से 10 लाख रूपए की प्राप्ती होगी।

# अफसर नहीं सुन रहे महापौर की तीन घंटे तक चेंबर में बैठाकर रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग में महापौर अल्का बाघमार की निगम के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। इसे लेकर महापौर ने अपने चेंबर में निगम के ईई दिनेश नेताम और आरके जैन की क्लास लगाई। उन्हें शाम 6 बजे से लेकर रात 9 बजे तक बैठाकर रखा गया।

■ चार दिन पहले महापौर परिषद की बैठक में भी माइक सिस्टम खराब होने पर फूटा था गुस्सा

महापौर इस बात से नाराज थीं कि पेवर ब्लाक के करीब 2 करोड़ के काम का टेंडर बिना उन्हें जानकारी दिए क्यों खोला गया। उन्होंने नयापारा से शिवनाथ नदी तक बनी सड़क की फाइल भी बुलवाई, जिसे अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं करायाा जा रहा है। इसके बाद महापौर ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि शिकायत मिली है कि सड़क के निर्माण सहित अन्य कामों में



गड़बड़ी की बात सामने आई है। इसकी जांच कराई जाएगी, लेकिन अधिकारियों ने फाइल दिखाने को लेकर आनाकानी शुरू कर दी। बता दें कि चार दिन पहले डाटा सेंटर की व्यवस्था को लेकर भी महापौर ने नाराजगी व्यक्त की थी। महापौर परिषद की बैठक के दौरान डॉटा सेंटर के मीटिंग रूम में काफी अव्यवस्था देखने को मिली थी। इतना ही नहीं माइक सिस्टम बंद थे। एसी भी ठीक तरह से काम नहीं कर रहे थे। टेबल-कुर्सियों में गंदगी पसरी हुई थी।

इसके बाद महापौर ने आयुक्त सुमित अग्रवाल को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। बता दें कि इससे पहले भी महापौर ने सफाई कार्य की लचर व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की। बावजूद वार्डों की सफाई व्यवस्था बिगड़ी हुई है। अधिकारियों को निर्देशित किए जाने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है।

### विवाद जैसी बात नहीं, सिर्फ जांच के कहा

विवाद जैसी कोई बात नहीं है, सड़क निर्माण को लेकर हम फाइल देखना चाह रहे थे। सड़क निर्माण की जांच कराना चाह रहे हैं, इस पर अधिकारी आनाकानी कर रहे थे। समस्या का पटाक्षेप हो गया है।

- अल्का बाघमार, महापौर नगर निगम दुर्ग

### डाटा सेंटर में मेंटेनेंस के दिए निर्देश

डाटा सेंटर में मेंटेनेंस के निर्देश दिए हैं, जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। माइक सिस्टम में थोड़ा प्रॉब्लम था, जिसे ठीक कराया जा रहा है। महापौर का पूरा सम्मान है।

- सुमित अग्रवाल आयुक्त दुर्ग निगम

## हर्बल लाइफ का प्रचार करने वाली शिक्षका निलंबित

**भिलाई।** जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने हर्बल लाईफ का प्रचार करने वाली शिक्षका खिलेश्वरी चतुर्वेदी को निलंबित कर दिया है। शिक्षका ने कई शिक्षकों द्वारा हर्बल लाईफ के जरिए वजन घटाने और सेहत बनाने की सलाह दिए जाने, हर्बल लाईफ की सदस्यता दिलाने, स्कूल समय में आफिस मीटिंग करने, स्कूल में बैठकर ही ऑनलाईन हर्बल सेशन लेने की जानकारी सामने आई थी। जिसकी जांच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा से कराई गई। जॉच में विकासखण्ड धमधा में संचालित विद्यालयों में कार्यरत लोमन वर्मा, व्याख्याता, शास.उ.मा.वि. घोटवानी, बलदाउ पटेल, सी.ए.सी. संकुल केन्द्र बोरी, मुकेश चतुर्वेदी, शिक्षक (एल.बी.), शास. पूर्व माध्य. शाला दनिया एवं खिलेश्वरी चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक, शास.प्राथ. शाला फुण्डा के सोशल मीडिया से संबंधित प्राप्त फोटोग्राफ्स के परीक्षण उपरान्त प्रथम दृष्टया संबंधितों द्वारा हर्बल उत्पादों का प्रचार-प्रसार किया जाना परिलक्षित हुआ। डीईओ ने संबंधित शिक्षकों / व्याख्याता खिलेश्वरी चतुर्वेदी सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

# सिस्टम फिर से प्रभावी, जिले में 39 मिमी गिरा पानी, आज भी बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



बंगाल की खाड़ी में सिस्टम फिर से प्रभावी हो गया है। जिसकी वजह से मंगलवार और बुधवार की रात अच्छी बारिश हुई। तेज बारिश के बाद रुक-रुक कर हल्की बारिश होती रही। जिले में एक दिन में ही 39 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। सबसे ज्यादा बारिश दुर्ग में 38.6 मिलीमीटर हुई है। इधर बारिश फिर से शुरू होते ही दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत उतई सब स्टेशन क्षेत्र में मंगलवार की रात पांच घंटे तक बिजली बंद रही। बुधवार को भी रात 8 बजे से बिजली गुल है।

### ये सिस्टम हैं सक्रिय, आगामी दिनों में और भी तेज बारिश के बन रहे आसार

मौसम विभाग के मुताबिक एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, उत्तर तटीय उड़ीसा से दूर स्थित है । इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । इसका गमनपथ उत्तर उड़ीसा और उससे लगे झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ रहने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, जयपुर, दमोह, पेण्ड्रारोड, सम्बलपुर चिन्हित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है । 4 सितंबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है । एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा और वज्रपात हो सकता है।

### जिले में अब तक पाटन में सर्वाधिक बारिश, धमधा में कम

जिले में 1 जून 2025 से 3 सितम्बर 2025 तक 728.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1015.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 552.5 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 664.4 मिमी, तहसील अहिवारा में 749.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 637.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 753.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 03 सितम्बर 2025 को तहसील दुर्ग में 25.8 मिमी, तहसील धमधा में 3.1 मिमी, तहसील पाटन में 39.1 मिमी, तहसील बोरी में 10.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 7.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 6.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## भिलाई तीन में कारोबारी के घर ईडी की दबिश

**भिलाई।** ईडी ने बुधवार की सुबह भिलाई तीन स्थित वसुंधरा नगर में अन्ना भूमि ग्रीन टेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिवकुमार मोदी घर पर दबिश दी। मिली जानकारी के मुताबिक टीम में 6 से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। इस दौरान बाहर सीआरपीएफ की टीम भी मौजूद थी। ये संस्था कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम करती है। जिसमें ड्रिप सिंचाई प्रणाली, कांटेदार तार, चेन लिंक, आरसीसी बाड़ के खंभे, सौर जल पंप, कृषि उपकरण शामिल है। वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर ईडी के अधिकारी जांच कर रहे हैं। वैशाली नगर के शांति नगर के समीप विवेकानंद कॉलोनी में सीए आदित्य अग्रवाल के बंगले पर भी ईडी पहुंची है। वर्तमान में इनका पूरा काम राजधानी रायपुर से संचालित होता है।

# वाहन चोरी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सशक्त एप्प के माध्यम से पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आबांधा निवासी सोहन यादव उर्फ हिंदी, ग्राम झीट थाना अम्लेश्वर अविनाश गायकवाड, ग्राम महूदा अमलेश्वर धनेश्वर साहू, झुमरपाली थाना



सरायपाली कीर्तिचंद चौहान, जबलपुर एमपी शुभम श्रीवास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि महाराष्ट्र पासिंग एक्टीवा एमएच 12 एलजेड 7542 को बीटीआई कालेज दुर्ग मेन गेट के पास से , माह अप्रेल 2025 में जलतरंग बार के पास रिसाली से बाइक सीजी 07 सीएफ 7578, आई पाकेट मरोदा सेक्टर भिलाई से सीजी 07 बीके 4225 को पार करना स्वीकार किया। बाइक को चोरी कर उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में थाना नेवई के बैकुण्ठ धाम मंदिर के पीछे नर्सरी झाड़ी में वाहनों को छिपकर रखा गया था। आरोपी की निशानदेही पर वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने थाना पदमनाभपुर से 1, नेवई 2 और चार बाइक को जब्त किया। जामुल निवासी नितेश वर्मा की बाइक सीजी 07 डीएन 2984 को अज्ञात चोर पार कर दिया था। उक्त वाहनों की कीमत 6.90 लाख रुपए आंकी गई है।


हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


### भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना

# विजय ज्वेलर्स में बंदूक तानकर की लूटने की कोशिश, आरोपी रायपुर में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ज्वेलर्स शॉप में बंदूक की नोक पर लूटने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। किसी तरह कारोबारी ने हिम्मत देख मौके से आरोपी फरार हो गए। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि चरोदा स्थित विजय ज्वेलर्स में दो नकाबपोश युवकों ने धावाबोलकर बंदूक की नोक पर ज्वेलर्स लूटने की कोशिश की गई। संचालक नीतेश जैन ने हिम्मत दिखाते हुए लूटेरों से भिड़ गए जिसे देख आरोपी फरार हो गए। घटना सोमवार की शाम 4 बजे



की बताई जा रही है। दोनों आरोपी युवक संचालक को डराकर सोना देने की धमकी दे रहे थे। लेकिन संचालक ने लुटेरों का सामना कर जेवरात देने से इंकार कर दिया।फिर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की गई। भिलाई तीन पुलिस ने विजय ज्वेलर्स के सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया। जिसमें दोनों आरोपियों के हाथ में बंदूक दिख रहा था। मौके से फरार दोनों आरोपी सीधे रायपुर निकल गए। जहां लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिसमें से एक आरोपी हरमीत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी दीपक तिवारी अब भी फरार है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को पुलिस रिमांड जल्द लेगी। आरोपी से पूछताछ में उसने चरोदा और रायपुर दोनों जगह वारदात को अंजाम देने की कोशिश करना स्वीकार किया।

### फरार की तलाश में पुलिस

चरोदा ज्वलर्स शॉप में लूटने की कोशिश हुई है। आरोपी मौके से फरार हो गए। नाकेबंदी भी की गई थी। रायपुर में लूट की वारदात को अंजाम देते समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। दूसरा आरोपी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

- हेम प्रकाश नायक सीएसपी छावनी

## दो साल से फरार पीएम आवास दिलाने के नाम ठगी करने वाला गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पीएम आवास दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने उड़िसा से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि हितग्राही वार्ड 17 चिंगरी

■ सुपेला पुलिस ने किया कार्रवाई, ठगी की रकम खर्च करना स्वीकारा

पारा नेहरू भवन के पास सुपेला निवासी राकेश चौसरे अन्य हितग्राहियों को आवास के नाम पर ठगी कर 14.4 लाख रुपए का ठगी करने वाल भिलाई क्वटर नं. 30 मदर टेरेसा नगर केम्प 1 भिलाई जो बरगढ़ उड़िसा में वर्तमान में रहने वाला पांचवा आरोपी मो मकसुद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने



ठगी का ढ़ाई लाख रुपए खर्च करना स्वीकार किया। आरोपी ने हितग्राही रतना वर्मा, रजनी मानीकपुरी, लोम सिंह पटेल, सरिता घोड़े, रमेश खंडारे, से कुटरचित दस्तावेज तैयार कर ठगी किया। हितग्राही की कुल 14 लाख 4 हजार रूपये लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपीगणों में ज्योति सोनी, रेसमा खातुन, शाहिद खान, राहुल राय को पहले पकड़ा था। जो न्यायालय में विचाराधिन है। मो. मकसुद घटना के समय से फरार चल रहा था।


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

TEAM CREATIVE
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

# धमधा नाका एसएलआरएम सेंटर की दीवार गिरी, चारों तरफ फैल रहा कचरा

## कांग्रेसी पार्षदों ने पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर कांग्रेसी पार्षद दल ने पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कलेक्टर को अवगत करया कि हर गली-मोहल्ले में नागरिक परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और नगर निगम प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने दिए ज्ञापन में कहा कि अगस्त माह का राशन अब तक एपीएल कार्डधारियों को उपलब्ध नहीं हो सका है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार खाद्यान्न के लिए दर-दर भटक रहे हैं। खाद्य विभाग की लापरवाही के कारण जनता के सामने रोज़मर्रा की समस्या खड़ी हो गई है। इसके साथ ही खाद्य की समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने जिला खाद्य अधिकारी से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग की। इसी प्रकार, निगम क्षेत्र में 1500 से अधिक नियमितीकरण के प्रकरण महीनों से लंबित पड़े हैं। कर्मचारियों और आम नागरिकों दोनों को इसका खामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से माँग की कि इन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। नगर की सड़कों और मोहल्लों में आवारा पशु और कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग हमलों का शिकार हो रहे हैं और बच्चे, बुज़ुर्ग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम प्रशासन बार-बार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई करने में असफल रहा है।



### सफाई की लचर व्यवस्था को लेकर की शिकायत

इसके साथ ही धमधा नाका स्थित एसएलआरएम सेंटर की दीवार गिर चुकी है, जिससे चारों ओर कचरा फैल गया है और वहाँ रहने वालों के लिए नारकीय स्थिति निर्मित हो गई है। दुर्ग जैसे बड़े शहर में ऐसी तस्वीर निगम प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है। विद्युत व्यवस्था की बदहाली भी जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। छह माह बाद निगम के पास नई स्ट्रीट लाइटें आईं, लेकिन उनका वितरण नहीं किया गया। पूरे शहर में दर्जनों लाइटें खराब पड़ी हैं, अंधेरे में नागरिक असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इस अवसर पर प्रेमलता साहू, पार्षद दीपक साहू, फतेह सिंह भाटिया, ज्ञानदास बंजारे, सतीश देवांगन, भोला महोबिया, भास्कर कुंडले, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार, बिजेंद्र भारद्वाज, माहेश्वरी ठाकुर, अंश चतुर्वेदी, छव्या साहू, आयुष भार्गव, यासिफ़ ख़ान, अनमोल चौबे उपस्थित थे।

---

## खबर संक्षेप

### महाराजा चौक से बोरसी फोरलेन मंत्री यादव की उपलब्धिः नातू

दुर्ग। भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू ने दुर्ग शहर के लोकप्रिय विधायक व प्रदेश के स्कूल व शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव व्दारा महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण के लिए 23.96 करोड़ की स्वीकृति को शहर के विकास की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए आभार व्यक्त किया है।

श्री नातू ने कहा कि महाराजा चौक से बोरसी तक 1.80 किमी तक सड़क चौड़ीकरण के साथ साथ जलनिकासी व्यवस्था स्ट्रीट लाईट व डिवाइडर भी बनाया जायेगा। इस सड़क के निर्माण की जरुरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की।

विधायक व मंत्री यादव ने इस जरूरत को सबसे पहले महसूस किया है। और स्वीकृति दिलाकर शहर को एक ऐतिहासिक सौगात दे दी है। नातू ने आगे कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या की वजह से ट्रेफिक से बचने के लिए लोग उतई पाटन क्षेत्र के लिए इस सड़क का उपयोग करते है। शहर की एक तिहाई आबादी भी इस मार्ग से आवागमन करती है। सड़क के चौड़ीकरण व फोरलेन के बाद अब नागरिकों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होगी। नातू ने आगे कहा कि विधायक व मंत्री श्री यादव शहर की एक-एक महत्वपूर्ण समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि के रुप में एक-एक समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।

---

### मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत जारी की गई स्वीकृति, खाद बनाने की प्रक्रिया होगी बेहतर

# 16.97 करोड़ से कचरा प्रोसेसिंग के लिए लगेगा इंटीग्रेटेड प्लांट, होगी रिसाइकिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की लचर सफाई व्यवस्था के बीच शासन ने स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के अंतर्गत 16.97 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि का उपयोग 2016 में बने एसएलआरए सेंटरों को और अधिक बेहतर बनाने में खर्च किया जाएगा। गीला-सूखा कचरा से खाद बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। शहर में इस समय 10 से ज्यादा एसएलआरएम सेंटर संचालित हैं, सभी में कचरे से खाद बनाने के नाम पर खानापूर्ति हो रही है।

यहां कचरा अघोषित रूप से एसएलआरएम सेंटरों में डंप किया जा रहा है। बाद में इसे शहर के आउटर में अन्यत्र फेंक दिया जा रहा है। बता दें कि शासन स्तर पर 16.97 करोड़ रुपए की स्वीकृति 2026 तक शहर के कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जारी की है। इस राशि से एसएलआरएम सेंटरों का मेंटेनेंस किया जाना है। बेलिंग मशीन से लेकर अन्य उपकरण खरीदे जाने हैं। उरला में नया इंटीग्रेटेड प्लांट बनेगा, जहां कचरा रिसाइकिल किया जाएगा। राज्य तकनीकी कमेटी की स्वीकृति जारी कर दी है। अब इसे लेकर निविदा की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बता दें कि इसे लेकर सामान्य सभा और महापौर परिषद से अनुमति आवश्यक की गई है। सूखे और गीले कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए नए सेंटर बनेंगे। प्रोसेसिंग प्लांट बनेंगे। पुराने संयंत्रों का उन्नयन एवं विकास किया जाएगा।

**एसएलआर सेंटरों का होगा रिनोवेशन**



### 10 से ज्यादा एसएलआरएम सेंटर, धमधानाका बना अघोषित डंप यार्ड

शहर में इन दिनों कचरा उठाने और उसके एसएलआरएम सेंटरों में प्रोसेसिंग को लेकर बड़ा खेल चल रहा है। वार्डों से कचरा तो डोर-टू-डोर कलेक्ट किया जा रहा है, लेकिन यह कचरा प्रोसेस होने के बजाए गुपचुप तरीके से शहर के अलग-अलग हिस्सों में लैंड फिलिंग के नाम पर डंप किया जा रहा है। हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद यह पूरा खेल चल रहा है। धमधा नाका सेंटर में सैकड़ों टन कचरा हर दिन डंप किया जा रहा है। वर्तमान में आईएचएसडीपी आवास उरला, सिकोलाबस्ती, धमधानाका, कातुलबोड़, रायपुर नाका, चौपाटी, बोरसी हाट बाजार, बोरसी बस्ती, पुलगांव, मरच्यूरी सेंटर के पास एसएलआरएम सेंटर चल रहे हैं। इनका रिनोवेशन करने के लिए फंड जारी किया गया है।

### स्वीकृत कामों की होगी मानिटरिंग, भेजनी होगी रिपोर्ट

जारी आदेश के अनुसार परियोजना को लागू करने की जिम्मेदारी नगर पालिक निगम दुर्ग को दी गई है। निगम को तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ करना होगा। इसके अलावा परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रतिमाह स्टेट नोडल एजेंसी सूडा को भेजनी होगी। निर्माण केवल सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित डीपीआर, नक्शे और ले-आउट के अनुसार ही होगा। कार्य केवल नगर निगम की स्वामित्व वाली अथवा प्रावधिक आवंटन प्राप्त भूमि पर ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

### आगामी दिनों में क्लस्टर बनाकर सेमरिया में प्लांट डालने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक आगामी दिनों में भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, दुर्ग, कुम्हारी, उतई, जामुल निकायों का क्लस्टर बनाकर सेमरिया में 400 टन कचरा निष्पादन का प्लांट लगाने की तैयारी है। वर्तमान में इंदौर और रायपुर में इस प्रकार का प्लांट संचालित है। इसके लिए गीला सूखा से सीएनजी सहित बायोगैस तैयार किया जाएगा। वर्तमान सूख कचरे को रिसाइकिल कर उपयोग के लायक बनाया जाएगा। बचा हुआ प्लास्टिक कचरा सीमेंट फैक्ट्रियों को दिया जाएगा, जिससे सीमेंट में मिलाया जाएगा। इस कार्ययोजना पर तेजी से काम चल रहा है। आगामी सालभर के अंदर इस योजना का क्रियान्वयन किया जाना है।

### 3.16 करोड़ रुपए की लागत से सिकोलाभाठा नाले का होगा रिनोवेशन

स्वच्छता और अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में राज्य शासन ने सिकोला नाला निर्माण के लिए 3.16 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। इससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी। बारिश के दिनों में इस नाले के आसपास भरने वाला पानी नहीं भरेगा। राज्य शासन ने इस स्वीकृति के साथ कई शर्तें भी जोड़ी हैं, ताकि निर्माण कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा हो निर्माण कार्य तकनीकी स्वीकृति और आबंटन सीमा के अनुरूप ही किया जाएगा। प्राक्कलन में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। पटरीपार सिकोला बस्ती नाला परियोजना के क्रियान्वयन से शहर के संवेदनशील जलभराव

### सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से मिली राशि

"शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए यह राशि उपलब्ध कराई गई है। इस राशि से उरला में एक नया इंटीग्रेटेड प्लांट तैयार किया जाएगा। शहर के सभी एसएलआरएम सेंटरों का मेंटेनेंस किया जाएगा। भविष्य में सामूहिक रूप से सफाई व्यवस्था को लेकर भी प्लान बन रहा है। इस पर चर्चा जारी है।

**सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

---

# राजनीति नेतृत्व गुणों का करती है विकास, समाधान की बढ़ती है क्षमता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साइंस कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद गठन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा ने किया। उन्होंने परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कहा कि परिषद एक ऐसा मंच है, जहां विद्यार्थी स्वयं को बेहतर बनाने के साथ-साथ नेतृत्व गुणों का विकास करते हैं।

■ साइंस कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान परिषद का गठन अतिथियों ने रखे विचार

परिषद के पदाधिकारी न केवल अपनी बल्कि अपने साथियों की समस्याओं को भी सुनते हैं। उनके समाधान का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमृतेश शुक्ला ने परिषद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर समझने का अवसर प्रदान करती है। वोटिंग प्रक्रिया, जागरूकता तथा पदाधिकारियों की जवाबदेहिता को विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर पाते हैं। साथ ही इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके खान ने परिषद के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष तरुण साहू ने कहा कि यह राजनीतिक समाजीकरण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो विद्यार्थियों को नैतिक कौशल, व्यवहारिक ज्ञान और नवाचार का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पार्वती सोनी, दिग्विजय यादव, प्रीति महिलांगे, निमिष देवांगन, हरीश कुमार साहू, प्रमोद देवांगन, डॉ. के पद्मावती सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## बिहार चुनाव में स्थानीय कांग्रेस नेता कर रहे कूच, जारी है जोरआजमाइश



दुर्ग। बिहार में आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्थानीय कांग्रेस और भाजपा नेता बिहार कूच कर रहे हैं। शहर विधायक देवेंद्र यादव से लेकर अन्य नेतागण पिछले कुछ दिनों से बिहार में जमे हुए हैं। भाजपा नेता भी बिहार चुनाव में सक्रिय है। बता दें कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में रैली निकाली। 17 अगस्त से सासाराम बिहार से शुरू 1 सितंबर पटना में सम्पन्न हुआ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल रहे। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने बताया कि वोटर अधिकार यात्रा का उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा जिसमें बिहार के 65 लाख अशिक्षित, गरीब मतदाताओं का वोट इस आई आर प्रक्रिया द्वारा नाम काटना सहित बिहार के बुनियादी समस्या बेरोजगारी, पलायन, अशिक्षा, स्वास्थ और जंगल राज को लेकर बड़ी यात्रा निकाली गई। लगभग 1300 किलोमीटर की यह यात्रा 15 दिन चली। राहुल गांधी ने सैकड़ों मतदाताओं से मुलाकात की। उनके साथ समय बिताया। बिहार कि गुंडागर्दी और जंगल राज चरम पर है। वोटर अधिकार यात्रा में दुर्ग जिला काग्रेस महामंत्री एससी प्रकोष्ठ जसवंन सिंह गायकवाड, संदीप बक्शी, विनोद मोहनानी, रवि मिश्रा भी शामिल हो रहे हैं।

---

## जयमल के जन्मोत्सव पर सामायिक और एकासना तप कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

युग प्रधान आचार्य सम्राट जयमल का 318 वां जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में गुणानुवाद सभा सामूहिक तीन सामायिक एवं एकासना तप की तपस्या के साथ 5 सितंबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के विभिन्न जैन संघ के आतिथ्य में होगा। श्रवण संघ के प्रथम आचार्य आत्माराम महाराज की जन्म जयंती भी 4 सितंबर को गुणानुवाद सभा के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर नमोथुणम की साधना की जाएगी। जयमल जन्मोत्सव में पधारे सभी अतिथियों के लिए गौतम प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

■ जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में होगा आयोजन

अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा एवं मंत्री राकेश संचेती ने श्रमण संघ परिवार के सभी सदस्यों से जयमल जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 11:30 बजे तक अपना व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर संघ द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है। आगामी दिनों में श्रमण संघ के आचार्य ध्यान योगी डॉ. शिवमुनि की जन्म जयंती का चार दिवसीय आयोजन 15 से 18 सितबर के मध्य किया जाएगा। इस अवसर पर आत्म ध्यान साधना शिविर लगाया जाएगा।



### पाठशाला में पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी सम्मानित

रतन पाठशाला के बच्चों की पेंटिंग स्पर्धा जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में आयोजित की गई थी, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कलात्मक चित्र बनाकर गुरु एवं जिनशासन के प्रति अपने भाव पेंटिंग के माध्यम से व्यक्त किया। उन्हें सम्मानित किया गया। श्वेतांबर जैन समाज के बैनर तले आयंबिल तप की आराधना प्रत्येक वर्ष सभी संप्रदाय के साधु साध्वियों के सानिध्य में पिछले 75 वर्षों से यह आयोजन हो रहा है। इस बार इस तप आराधना में संत विराट सागर, साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी, साध्वी हेम प्रभा, साध्वी प्रणिता श्री का सानिध्य प्राप्त होगा।

### तप में दूध, घी, तेल, शक्कर, नमक का त्याग कर बिना रस का करते हैं भोजन

इस आयंबिल तप की आराधना में दूध धी तेल शक्कर नमक का त्याग कर बिना रस की खाद्य एवं पेय पदार्थ का सेवन एक जगह बैठकर करते हैं। इसके बाद किसी भी खाद्य एवं पेय पदार्थ का उपयोग वर्जित होता है। इस वर्ष 76 चांदी के सिक्कों का लकी ड्रा के द्वारा नाम का चयन किया जाएगा। साध्वी प्रियदर्शना, प्रियदा एवं अन्य साध्वी समुदाय के सानिध्य में आयोजन किया जाएगा।

---

## बकरी पालन के लिए 17 से 19 सितंबर के मध्य प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविदयालय अंजोरा में बकरी पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम का 12वें बैच शुरू होने जा रहा है। प्रशिक्षण 17 से 19 सितंबर के मध्य दिया जाएगा। इस दौरान बकरी पालन की संभावनायें, छत्तीसगढ की जलवायु के लिये उपयुक्त नस्ले, उनका आवास एवं सामान्य प्रबंधन, भोजन का प्रबंधन, बकरियों में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, बकरियों में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार दवारा बकरी पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही वाली महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे छग शासन, एनएलएम (नेशनल



■ बकरी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

लाइवस्टॉक मिशन) एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया, छत्तीसगढ राज्य में बकरीपालन में संभावनायें के बारे में विभिन्न विषय विशेषज्ञों के दवारा सारगर्भित व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण की अधिक जानकारी के लिये प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामचंद्र रामटेके सहित आदि होंगे।

---

## सम्मान की इच्छा को रोकने का नाम ही है तप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व जारी है। बुधवार को उत्तम तप धर्म दिवस पर भक्तों ने भगवान अजीत नाथ, पारसनाथ भगवान, सुमति नाथ का शांतिधारा किया। इस अवसर पर भक्तिगीत पर नृत्य की प्रस्तुति देखने को मिली। सर्वप्रथम अष्टधातु की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य प्रमोद, प्रतीक, प्रियांशु नाहर, नरेंद्र, अंकुर जैन, संजय, भावना जैन, अनिल, सुधीर सहित अन्य ने प्राप्त किया।

पारसनाथ दिगंबर जैन सभा के अध्यक्ष प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष भारत जैन, सोमेश ज्ञानचंद बाकलीवाल, वरुण जैन, निशांत जैन, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने आचार्य विद्यासागर और विशुद्ध सागर महाराज के छायाचित्र पर मंगलदीप प्रज्वलित



किया। प्रदीप जैन ने बताया कि जैन भवन में भक्तों ने भक्ति भाव के साथ आनंदपूर्वक पूजन आराधना की गई।

पंडित अजय शास्त्री, अतिशय शास्त्री के साथ साधना बाकलीवाल, नीना जैन, वरुण और निशांत जैन ने नव देवता और देव शास्त्र गुरु की पूजन की। अतिशय शास्त्री ने जानकारी दी कि आचार्य समय सागर ने कहा है कि सम्मान की इच्छा को रोकने का नाम तप है। कुछ ना कुछ अपने जीवन की प्रिय वस्तु का एक दिन के लिए यथाशक्ति अनुसार त्याग करें।

---

## आईआईटी भिलाई में सीबीडीई वर्कशॉप का दो दिवसीय आयोजन

# छात्रों को खुद जॉब क्रियेटर बनना होगा : प्रो राजीव प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईआईटी भिलाई में सीबीडीई वर्क शॉप का आयोजन किया गया है। दो दिवसीय यह आयोजन भारत सरकार के मालवी मिशन के तहत किया गया है। जहां देशभर से आए विषय-विशेषज्ञों ने आईआईटी के छात्रों को इंटरप्रेन्योरशिप के बारे में बताया। उन्हें प्रेरित किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ प्रयोग भी करें और इससे आगे बढ़कर शहर, प्रदेश व उद्योगों की समस्याओं को भी जानें। इन समस्याओं को दूर करने नए आइडियाज पर काम करें। नई आडिया और प्लानिंग से की गई नई खोज से ही स्टार्टअप की नई शुरुआत होगी।

आईआईटी भिलाई के आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के तत्वावधान में यह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जहां 120 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस वर्कशॉप में आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम के एसोसिएट प्रोफेसर सुधीर वरधराजम शामिल हुए। सीएसई विभाग से डॉ. अमीत धर भी उपस्थित रहे।



**चलाए जा रहे मालवी मिशन के बारे में दी जानकारी**

वर्कशॉप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, एनआईटी अगरतला, एनआईटी राउलकेला,व्हीएनआईटी नागपुर से एक्सपर्ट शामिल हुए। जिन्होंने यहां छात्रों को मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के तहत चलाई जा रही इस मालवी मिशन के बारे में बताया। उन्हें प्रेरित किया कि वे अपनी पढ़ाई के बाद जॉब के बजाए खुद का स्टार्टअप शुरू करने के दिशा में आगे बढ़े और खुद को इसके लिए तैयार करें। इसके लिए प्रेजेंटेशन का आयोजन भी किया गया। जहां छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। आईआईटी के छात्र पढ़ाई के साथ साथ अपने प्रोफेसर के साथ मिलकर कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। उसके बारे में भी जानकारी दी गई।

### देश में 10 करोड़ से ज्यादा छात्रा नौकरी सिर्फ 1 करोड़ के पास

कार्यक्रम में शामिल आईआईटी के डारेक्टर राजीव प्रकाश ने कहा कि देश में यदि 10 करोड़ छात्र है, तो जॉब मात्र 1 करोड़ हैं। तो बाकी युवाओं को जाब नहीं मिलेगा। ऐसे में छात्रों को खुद जॉब क्रियेटर बनाना होगा। खुद इंटरप्रेन्योर बनाना होगा। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ सीनियर और प्रोफेसर के साथ प्रोजेक्ट पर काम करते हुए सीखे। आसपास की जो सभी समस्याएं है। उसे समझने का प्रयास करें और उसका अपने नए आइडियाज और इनोवेशन से उसका हल खोजे। खुद का स्टार्टअप शुरू करें और खुद नौकरी करने के बजाए दूसरों को नौकरी देने वाला बने। कार्यशाला के कोआर्डिनेटर संतोष बिस्वास, आईबीआईटीएफ से विष्णु वैभव द्विवेदी, धीरज सोनी आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक दिवस पर गुरु सम्मान समारोह कल

**सेलूद।** शिक्षक दिवस गुरु–शिष्य परंपरा को जीवित रखने शिक्षक दिवस समारोह 5 सितंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे ग्राम धौराभाठा (सेलूद) में मनाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक भूपेश बघेल के संयोजन में यह आयोजन होगा। कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति शिव कुमार पांडेय होंगे। अध्यक्षता सैय्यद फाजिल शिक्षा विद करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में टी.आर. जगदल्ले सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी तथा सीताराम वर्मा शिक्षा विद एवं समाजसेवक उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शरद संगीत भजन मंडली और रानीतराई (पाटन) के कार्यक्रम होंगे।

### जलकर नहीं पटाने वालो के खिलाफ कार्रवाई

**पाटन।** यहां जलकर नहीं पटाने वाले के घरों का नल कनेक्शन



काटा जा रहा है। पिछले दो दिन में 10 घरों का नल कनेक्शन काटे गए। आगे भी यह कार्य जारी रहेगा। अब नगर पंचायत के द्वारा सख्त कदम उठाए जाने के बाद जल कर नहीं जमा करने वाले नगर पंचायत पंचायत पहुंचकर जमा कर रहे है।

## किसानों का बड़ा प्रदर्शन, निविदा को किया निरस्त

# अछोली में नहीं खुलेगी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

धमधा ब्लाक के अछोली ग्राम में कंपोजिट मदिरा दुकान खोलने की प्रक्रिया रोक दी गई है. इसके पहले आबकारी विभाग के द्वारा निविदा जारी की गई थी जिस पर प्रक्रिया भी चालू कर दी गई थी लेकिन लगातार बढ़ते जनदबाव और किसान बंधु संगठन के आंदोलन के चलते अब प्रक्रिया को पूर्ण रूप से निरस्त कर दिया गया है। प्रशासन के इस फैसले से ग्रामीणों में हर्ष है।




उल्लेखनीय है कि अछोली में प्रशासन के द्वारा शराब भट्टी खोलने की निविदा जारी करने के विरोध में किसान बंधु संगठन सहित आसपास के 15 से 20 गांव के लोग पिछले चार माह से बड़ी ही मुस्तैदी के विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जिसमें अनुभाविभागीय अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देने हजारों की संख्या में धमधा बस स्टैंड से गंडई चौक तक किसानों की रैली और दुर्ग जिला मुख्यालय कलेक्टर ऑफिस में प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कार्यवाही न करने पर बीते मंगलवार किसानों ने सैकड़ो हजारों की संख्या में फिर कलेक्टोरेट का घेराव किया था। अब प्रशासन के फैसले से सभी के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रही है। इस मौके पर किसान बंधु संगठन के अध्यक्ष आत्मा साहू , ढालू वर्मा अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल, मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि, नैन बाई सरपंच अछोली, सतीश सिन्हा, रुंगू वर्मा सरपंच ठेलका,राजेंद्र वर्मा,घनश्याम वर्मा,गोलू नेताम,भवानी सिन्हा,दादू शर्मा,लेखराम वर्मा,देवेंद्र वर्मा, पेखन यादव,जयप्रकाश विश्वकर्मा और दुवासी चंदेल अन्य सैकड़ों किसान शामिल रहे।

### किसानों की जीत

"कलेक्टर की ओर से डिप्टी कलेक्टर ने शराब दुकान नहीं खोलने की बात कही है। निविदा को निरस्त कर दिया गया है। इस संघर्ष में किसान भाइयों की जीत हुई है। जनहित में शराब दुकान निरस्त करने के लिए सभी का आभार।

**बाबा टेकसिह चंदेल,** किसान नेता

### निरस्त कर दिया गया है टेंडर

"अछोली में शराब दुकान खोलने के विरोध लेकर ग्रामीण आए थे। प्रस्तावित दुकान का टेंडर निरस्त कर दिया गया है। अब ऐसे में दुकान खोलने का प्रश्न ही नहीं है, सभी ग्रामीणों को जानकारी दे दी गई है कि अब अछोली में शराब दुकान नहीं खुलेगी।

**हितेश पिस्दा,** डिप्टी कलेक्टर दुर्ग

### शहीद दुर्वासालाल निषाद की स्मृति में कार्यक्रम आज

**अंडा।** कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि के लिए अपने प्राण उत्सर्ग करने वाले शहीद दुर्वासालाल निषाद के 25 वें शहादत दिवस पर समारोह 4 सितंबर को आयोजित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा, विशिष्ट अतिथि - विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक गुण्डरदेही बिरेंद्र साहू, अध्यक्ष सं . पु . सै कल्याण संघ, भिलाई दुर्ग एम. के. राठी, सदस्य जिला पंचायत बालोद कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद चेमन देशमुख और कुलदीप साहू सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत देवरी ख कुसुम प्रमोद देशमुख करेंगी।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग,




इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## विद्युत टावर लाइन मामला- मुआवजे के लिए आज मुख्यमंत्री से मिलेंगे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

400 के.वी. रायपुर–धमतरी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना में किसानों को मुआवज़ा वितरण में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। प्रभावित किसान अब 4 सितंबर को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उन्हें अनियमितता की जानकारी देने की तैयारी में है।

किसानों के मुताबिक शासनादेश 10 मार्च 2025 में स्पष्ट प्रावधान है कि टॉवर बेस के लिए भूमि मूल्य का 200 प्रतिशत और राइट ऑफ वे के लिए 30 प्रतिशत मुआवज़ा दिया जाएगा, लेकिन किसानों को केवल 80 प्रतिशत और 15 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। स्थिति यह है कि दुर्ग जिले के लगभग 1650 किसानों को करीब करोड़ों रुपए का मुआवज़ा मिलना है। इस परियोजना से 100 गाँवों के किसान प्रभावित हैं। किसानों का कहना है कि उनकी कृषि भूमि पर टॉवर और हाईवोल्टेज लाइन गुजरने से खेती का उपयोग सीमित हो गया है, लेकिन उसका उचित मूल्यांकन नहीं किया गया। किसानों का आरोप है कि जिला प्रशासन ने शासनादेश और दुर्ग सांसद विजय बघेल के निर्देशों की भी खुलेआम अनदेखी की है। इसी मुद्दे को लेकर किसानों की बैठक हाल ही में ग्राम मचांदुर में आयोजित की गई, जहाँ बड़ी संख्या में प्रभावित किसान एकत्र हुए और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे अपनी समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। इसी क्रम में प्रभावित किसान आगामी गुरुवार, 4 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर में मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रतिनिधि मंडल प्रभावित किसान रणमत साहू, जसलोक साहू, थानसिंग, विष्णु निषाद, राधेश्याम यादव, राजगिरी गोस्वामी, पुनाराम, प्रेमलाल देवांगन, शिवनंदन कोठारी, नंद कुमार, खोमलाल, डिगम्बर साहू, सुरेन्द्र पटेल, शनिराम, गजेन्द्र कुमार, हुमेन्द साहू, व्दारिका साहू, रूद्रेश्वर प्रसाद, सोमनाथ, मनोहर आदि उपस्थित थे।

■ मुआवजा वितरण में लग रहा अनियमितता का आरोप

## बीएड प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त बीएड कॉलेजो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर है। बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बी.एड. कोर्स संचालित होता है। बीएड प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग 29 अगस्त से शुरू होकर अंतिम तिथि 4 सितंबर 2025 है। बीएड में प्रवेश की प्रक्रिया एससीईआरटी रायपुर के द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से होगी। बीएड में प्रवेश हेतु कॉलेज कोड - 114336 है, संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है, बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था में आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। बी.एम. प्राइवेट आई.टी.आई. गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित होता है। आईटीआई वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम में ट्रेड स्टेनो हिंदी एवं फायर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किए है जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया है। बीएम कॉलेज एवं आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रारंभ है। विद्यार्थी सुविधा अनुसार फीस किस्तों में भी दे सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दिया।




### पाटन में बगैर हेलमेट के दिया जा रहा पेट्रोल

**पाटन।** दुर्ग कलेक्टर द्वारा 1 सितंबर से बगैर हेलमेट पेट्रोल नहीं दिए जाने के आदेश की पाटन में किसी को परवाह नहीं है। यहां सभी पेट्रोल पंप में बाइक वालों को बिना हेलमेंट के पेट्रोल दिया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश का पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। पाटन के एक पेट्रोल पंप में बिना हेमलेट के पेट्रोल देते देखे गए। यही नहीं यहां पर पानी बोतल में भी पेट्रोल दिए जा रहे थे। पाटन नगर में तीन पेट्रोल पंप है वही ग्रामीण क्षेत्र में जामगांव एम, जामगांव आर , गाड़ाडीह, रानीतराई सहित सांकरा, अमलेश्वर, मोतीपुर सहित अन्य जगह पेट्रोल पंप संचालित है। कलेक्टर के निर्देश के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी नहीं किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि पेट्रोल पंप के संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है।

### पाटन के विकास में नहीं आएगी कमी : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन



पाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर नगर के विभिन्न विकास कार्यो पर सकारात्मक चर्चा हुई।

मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आश्वस्त किया कि पाटन नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने जानकारी दी कि आगामी 7 सितम्बर को पाटन में आयोजित राज्य स्तरीय भारोत्तोलन एवं फेसिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात उनके प्रथम पाटन आगमन पर संयुक्त पाटन मण्डल भाजपा विधानसभा की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी,लोक निर्माण प्रभारी व पार्षद केवल देवांगन,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी व पार्षद नेहा बाबा वर्मा,राजस्व विभाग प्रभारी व पार्षद देवेन्द्र ठाकुर, सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी व पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल और पार्षद संगीता धुरंधर मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति अभियान रैली निकाली




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। स्वयंसेवकों ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "युवाओं की पहचान नशा मुक्त हिन्दुस्तान", "सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा" तथा "धीरे चलो, सुरक्षित चलो" जैसे प्रभावशाली नारे लगाकर जनसमुदाय को प्रेरित किया। रैली में छात्रों ने नशे के दुष्प्रभाव और सड़क पर लापरवाही से होने वाले हादसों पर प्रभावी संदेश प्रस्तुत किए। साथ ही, स्वयंसेवकों ने आम नागरिकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व से अवगत कराया तथा पंपलेट वितरित कर नशामुक्त और सुरक्षित जीवन जीने की अपील की। सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर उनकी जागरूक पहल युवाओं में जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रबल करती है। ऐसे प्रयास निश्चित ही आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित, स्वस्थ और नशामुक्त भारत की दिशा में प्रेरित करेंगे। इस अभियान में विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ पुलिस कर्मियों की भी सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे रैली का प्रभाव और अधिक सशक्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस की संयोजक डॉ. भूमिका मिश्रा ने किया तथा श्री रॉलिक बेंजामिन दास ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलाधिपति महोदय ने छात्रों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश हेतु सभी दोपहिया वाहनों पर हेलमेट की अनिवार्यता का आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि – "सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है। विद्यार्थी यदि स्वयं सुरक्षित रहेंगे तो समाज को भी सही दिशा दे सकेंगे।

### रिन्यूएबल एनर्जी पर कार्यशाला का आयोजन



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन हेतु एक कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में स्किल सेतु कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड भिलाई से शिशिर कुमार उपस्थित हुए। शिशिर ने रिन्यूएबल एनर्जी को केंद्र में रखते हुए अपने व्याख्यान में बताया कि आने वाला दौर रिन्यूएबल एनर्जी का है और प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के अंतर्गत भविष्य में घर-घर में सोलर पैनल लगाया जाना है। जिसका इंस्टॉलेशन प्रोसेस पर आधारित 8 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. संगीता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल संयोजक एन एस इक्का, समस्त प्राध्यापक गण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### कबड्डी में जामगांव आर सशिमं प्रथम




**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा दुर्ग जिला स्तरीय शिशु वर्ग खेल सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 भिलाई में बुधवार को आयोजित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विधार्थियो ने कबड्डी में जिले स्तर प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किए। उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू के मार्गदर्शन विद्यालय के 9 विद्यार्थी विविध प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। अन्य विविध प्रतियोगिता भी हुई।जिला शिशु वर्ग खेल/बौद्धिक/विज्ञान मेला 2025 में कबड्डी का फाइनल मैच जामगांव आर और कैलाशनगर टीम के मध्य खेला गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव की टीम ने 14 अंको से विजयी हासिल किये। संरक्षक उपप्राचार्य लीकेश्वर साहू ने बताया सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर से कबड्डी टीम में कक्षा पंचम से हलीन कुमार, पुनीत कुमार,तेजांशु निर्मलकर,पारस कुमार,उमंग चंद्राकर,खोमेन्द्र साहू, नितिन सोनवानी प्रतिभागी रहे और प्रथम स्थान पर विजयी हुए।

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



**भिलाई।** महाराज गणेश उत्सव समिति रिसाली बस्ती।



**पाटन।** श्री कृष्णा मंदिर गणेश उत्सव समिति पाटन



**पाटन।** गणेश उत्सव समिति पाटन



**सेलूद।** सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति बजरंग चौक सेलुद



**सेलूद।** श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति ग्राम महुदा



**भिलाई।** स्टेशन मरोदा वार्ड नंबर 20 रंजन मेडिकल स्टोर के पास बोल बम गणेश समिति।


## भैंस गुमा



मैं सनी रामसिंग यादव जो कि वार्ड 36 श्याम नगर तालाब के पास शारदा पारा भिलाई में रहता हूं एक पशुपालक हूं।
मेरी एक भैंस जो कि बच्चा देने वाली थी वह गुम गई है आखरी बार मेरी भैंस को 8:30 बजे बालाजी पेंट भिलाई के पास देखा गया है । उसके बाद मेरी भैंस का पता नहीं चल रहा है जिस किसी भी व्यक्ति को पता चलता है । कृपया करके मुझे जानकारी देवे और जानकारी देने वाले को 5000 रू. इनाम दिया जाएगा।

**सनी रामसिंग यादव**
**7400858660, 7470470481**

# ढौर में 16 लाख की टंकी हुई बेकार, डेढ़ सौ परिवार पानी के लिए तरसे

## सालों से टंकी निर्माण कर छोड़ा गया, मोटर नहीं लगने से हो रही है दिक्कत, पीएचई विभाग की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ग्राम पंचायत ढौर के वार्ड 22 में 16 लाख की लागत से वर्ष 2022 में पेयजल समस्या दूर करने के लिए टंगी का निर्माण किया गया था। ढ़ाई साल पहले टंकी बनकर तैयार हो गई। लेकिन व्यवस्था बेहतर नहीं होने से लोगों को आज भी पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक गांव में जल जीवन मिशन का विस्तारीकरण के तहत एक टंकी निर्माणधीन अवधि में है। वहीं दूसरी टंकी का निर्माण हो चुका है। वार्ड नंबर 1 से वार्ड 19 तक ही पाइप लाइन का विस्तारीकारण किया गया है। लेकिन टंकी में पानी सप्लाई को लेकर लोगों ने पीएचई विभाग से जानकारी मांगी गई। लेकिन विभाग द्वारा गोल मोल जवाब देकर लौटा दिया। टंकी में पानी सप्लाई नहीं होने से पेयजल की बड़ी दिक्कत है। उक्त टंकी जिला खनिज मत के तहत निर्मण कराया गया था। जिसमें अभी तक पीएचई द्वारा पाइप लाइन विस्तारीकरण नहीं किया गया। बल्कि मोटर भी नहीं बैठाया गया है। यहां डेढ़ सौ परिवारों को पेयजल की दिक्कत लगातार आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्व सरंपच द्वारा कार्य पूर्ण होने का अनुमति विभाग को दिया। जबकि यहां की टंकी भ्रष्टाचार की भेट में चढ़ गई है। शिकायत में मांग की गई है कि बोर खनन कर पानी टंकी में मोटर बैठाकर पेयल की व्यवस्था को जल्द करे।

- ग्राम पंचायत ढौर में स्थित है पानी टंकी
- पाइपलाइन का विस्तारीकरण नहीं
- ढाई साल पहले हुआ था निर्माण
- वार्ड के लोगों को हो रही है दिक्कत



### शिकायत का हल नहीं हो पाया

हर घर जल के तहत ग्राम ढौर विकास खंड दुर्ग में रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजा के तहत टंकी निर्माण किया गया। इसका मेसर्स शंकरा इंटरप्राइजेस कवर्धा द्वारा किया गया है। इसमें एफएचटीसी 613 पाईप लाइन 9338 मीटर का कार्य किया गया है। पीएचई द्वारा खनिज संस्था न्यास पेयजल कार्यक्रम के सहयोग से नल जल प्रदाय योजना के तहत काम किया गया है। इसकी शिकायत को लेकर ग्राम ढौर निवासी अशोक मंडारे सुशासन तिहार 2025 में शिकायत के बाद भी वार्ड के लोगों की पेयजल समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

### जल्द व्यवस्था अपडेट होगी

"सिर्फ टंकी निर्माण किया गया है। मोटर का प्रावधान नहीं था। निर्माण के बाद पेयजल का सभफी प्रकार का टेस्टिग किया गया। वाटर लेबल नीचे जाने से दिक्कत हो रही है। जेवरा सिरसा में इसके लिए काम कराया जा रहा है। 6 माह के भीतर व्यवस्था अपडेट हो जाएगी।


विशाल गेड़ाम,
उप अभियंता पीएचई दुर्ग

## खबर संक्षेप

### कैंप क्षेत्र में खाली जमीन पर निर्माण, नगर सेवा ने की सहयोग की अपील

**भिलाई।** कैंप क्षेत्र के टाटा लाइन एरिया में बीएसपी के द्वारा बनाए गए क्वार्टरों के अलावा खाली स्थानों में अवैध रूप से अतिरिक्त आवास बना लिये गये हैं। शिकायत वाले घरों का पूर्ण पता के बगैर किसी भी प्रकार से शिकायत को दूर नहीं किया जा सकता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा शिकायतकर्ताओं से अपील की गई है कि किया है कि नगर सेवा विभाग को वैध तरीके से कार्यवाही करने के लिए सहयोग करें । ताकि वहां की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

### बीएसपी की विभिन्न मिलों ने रचा कीर्तिमान



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त माह में रिकार्ड उत्पादन किया है। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त माह में उत्पादन और डिस्पैच के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संयंत्र ने कुल 99,889 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन किया, जो मार्च 2024 में दर्ज 98,402 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। आर एस एम ने 18,845 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन कर अपना ही मार्च 2024 का 18,241 टन का रिकॉर्ड तोड़ा। डायरेक्टर इंचार्ज चितरंजन महापात्रा सहित कार्यपालक निदेशकों ने कार्मिकों की हौसलाआफजाई की है।
यूआरएम ने भी 84,041 टन प्राइम रेल का उत्पादन किया, जो जून 2025 में दर्ज 83,046 टन के पिछले उच्चतम स्तर से अधिक है। लांग रेल उत्पादन भी 81,044 टन तक पहुंचा, जो जून 2025 के 80,644 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया। स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगस्त माह में सेलेबल स्टील का उत्पादन 5,19,627 टन तक पहुंचा, जो जनवरी 2023 के 5,03,219 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। डिस्पैच के क्षेत्र में भी उपलब्धियां दर्ज की गयीं हैं जिनमें आर एस एम से 18,812 टन लॉन्ग रेल का डिस्पैच हुआ, जो मार्च 2024 में दर्ज 18,407 टन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गया। सेलेबल स्टील का कुल डिस्पैच 5,08,802 टन तक पहुंचा।

## स्कूलों को श्रेष्ठ बनाने के लिए संभागीय संयुक्त शिक्षा संचालक हेमंत उपाध्याय ने बनाई रणनीति

# दुर्ग संभाग के स्कूलों में निरीक्षण की अब ग्रेडिंग प्राचार्य भी लेंगे क्लास, शिक्षकों की बनेगी डायरी

### स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद पहली बार दुर्ग संभाग स्तरीय कार्ययोजना बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग संभाग के सरकारी स्कूलों में मैदानी अमले से लेकर अधिकारियों के निरीक्षण की ग्रेडिंग होगी। ग्रेडिंग के दायरे में संकुल समंवयक, एबीओ, बीईओ, डिप्टी डायरेक्टर से लेकर डीईओ तक शामिल किए गए हैं। दुर्ग शिक्षा संभाग को शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 में श्रेष्ठ बनाने के लिए जेडी हेमंत उपाध्याय ने इसकी रणनीति बनाई और उसे विभागीय अमले से साझा की। खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में आयोजित संभागीय शिक्षा विभाग की बैठक में दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर, मोहला के 750 मानिटरिंग अमला से जुड़े शिक्षक शामिल हुए।





### प्रार्थना में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य

संयुक्त संचालक संभागीय शिक्षा दुर्ग हेमंत उपाध्याय ने मानिटिरिंग टीम को यह स्पष्ट किया कि शिक्षा गुणवत्ता को सुधार के लिए शिक्षक प्रार्थना के समय ही उपस्थिति देवें। यानी स्कूल समय पर आए और समय से जाएं। देरी से आने वाले और समय पहले जाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की तलवार भी लटक रही है। वहीं बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### ऐसे बनेगा दुर्ग संभाग के स्कूल श्रेष्ठ

**केस 1**

#### दो पीरियड अनिवार्य रूप से पढ़ाएंगे प्राचार्य

दुर्ग संभाग श्रेष्ठ शिक्षा संभाग में पहली बार प्राचार्यों को भी क्लास लेना अनिवार्य किया गया है। महीने में दो पीरियड प्राचार्य अनिवार्य रूप से लेंगे। कम से कम तीन शिक्षकों के अध्यापन कालखंड यानी परीयड का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण का डेली डायरी भी बनाना है। डायरी में यह उल्लेखित करना है कि जब वे शिक्षकों का निरीक्षण करने गए तो शिक्षण विद्यार्थियों पर कितना प्रभावी रहा। क्या शिक्षक केवल पढ़ा रहा था। पुस्तक देखकर शिक्षक पढ़ाई कर रहा था या फिर अपनी तैयारी कर क्लास में आया था। विद्यार्थियों के समझ में विषय आ रहा था या नहीं।

**केस 2**

#### मानिटरिंग सिस्टम के लिए वाट्सएप ग्रुप

स्कूलों की सघन व सतत शिक्षण मानिटिरिंग का सिस्टम तैयार किया गया। इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। प्राचार्य, संकुल समंवयक, एबीओ, बीईओ, डिप्टी डायरेक्टर से जेडी तक तीन अलग-अलग ग्रुप में रखे गए हैं। संकुल समंवयक भी अपने संकुल के स्कूलों में जाकर शिक्षकों की पढ़ाई का अवलोकन करेंगे। संकुल समंवयक प्रतिदिन दो स्कूलों का अवलोकन करेंगे। प्रतिवेदन अपने एबीओं को देंगे। एबीओ संकुल समंवयक के अवलोकन प्रतिवेदन का ग्रेडिंग करेंगे और बीईओ को प्रस्तुत करेंगे।

**केस 3**

#### रोजाना प्राइमरी व मिडिल का अवलोकन

प्राइमरी और मिडिल स्कूलों का अवलोकन रिपोर्ट भी तैयार होगा। शिक्षकों के अध्यापन का कैसा प्रभाव विद्यार्थियों पर पड़ रहा है यह समीक्षा के साथ प्राचार्य देंगे। विषय वस्तुओं को शिक्षक किस तरह विद्यार्थियों के बीच प्रस्तुत कर रहा है यह भी प्राथमिकता तय की गई है। अवलोकन से वे कितने संतुष्ट है या नहीं यह भी बताना है। जिससे आगे शिक्षण में सुधार किया जा सके। बच्चों से प्रश्नोत्तरी और उनके रूचि के अनुरूप पढ़ाई का तौर तरीके हो इस पर भी जोर दिया गया है।

### स्कूलों में बाल देवो भवः होंगे अंकित, इसी के अनुरूप बच्चों की होगी पढ़ाई

दुर्ग संभाग के हर सरकारी स्कूलों में बाल देवो भवः लिखा जाएगा। इस सूक्ति वाक्य के अनुरूप ही बच्चों को शिक्षक पढ़ाई करवाएंगे और उन्हे श्रेष्ठ बनाने की दिशा में अपनी भूमिका निभाएंगे। यानी एक तरह से गुरूकुल की भांति बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए 13 सितम्बर की अंतिम तिथि तय की गई है। इस अवधि के अंदर प्रत्येक विद्यालय में बाल देवों भवः सूत्र वाक्य के रूप में अंकित किया करना है। सभी शिक्षक और विभागीय अधिकारीगण बाल देवो भवः के अनुरूप रणनीति बनाकर अध्यापन के कार्य को ईश्वरोपासना की तरह चरितार्थ करेगें। विद्यालयों की प्रार्थना सभा ही बच्चों के लिए रोचक एव ज्ञानवर्धक होना चाहिए। इसके लिए संस्था प्रमुखों को हिदायत दी गई है।

### मध्यान्ह भोजन मीनू के हिसाब से हो

जेडी उपाध्याय ने कहा कि मध्यान्ह भोजन हर स्कूलों में मीनू के हिसाब से वितरण होना चाहिए। विद्यार्थियों को पौष्टिक युक्त भोजन पर भी शिक्षकों को नजर रखने की जरूरत है। इसके अलावा साइकिल वितरण, पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र बनाने सहित अन्य सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर करें।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- भाजयुमो नेता साथियों के साथ पहुंचे थाने

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के खिलाफ झूठे आरोपों में फंसाने और सोशल मीडिया में छबि धूमिल करने वालों के खिलाफ भाजयुमो नेता शुभम सिंह के नेतृत्व में छावनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया है।

शुभम सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा को जान बूझकर झूठे व असत्य आरोप लगाकर छबि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल टिकरिया के खिलाफ सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट किया जा रहा है। जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। समाज में गलत तरीके से भ्रम फैलाया जा रहा है। शुभम सिंह ने बताया कि राजनांदगांव के कांग्रेसी नेता निखिल द्विवेदी, कवर्धा के अमन वर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। प्रदेश भर राहुल के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से यशवंत राजपूत, प्रकाश मिश्रा, सत्यम यादव, बुज्जी राव , अनीष अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, अनूप राय समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रतिमा विसर्जन के लिए शिवनाथ नदी सहित दस तालाबों में बना कुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- भिलाई निगम ने तय किए विसर्जन के लिए स्पॉट

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मूर्तियों के विसर्जन से जल स्त्रोतों की जल गुणवत्ता पर पड़ने वाले विपरित प्रभावों की रोकथाम हेतु गाईड लाइन जारी किया गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत समितियों द्वारा प्रमुख चौंक-चौराहों, गली, मोहल्लो एवं घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित किया है। दुर्गोत्सव पर्व भी आने वाला है। सभी समितियों द्वारा तालाबों में मूर्तियां विसर्जित किया जाता है, जिसके कारण तालाबों का जल प्रदूषित होता है। तालाबों में जीव-जन्तु रहते है, जल प्रदुषण से उनकी मृत्यु हो जाती है। साथ ही तालाबों में पूजा सामग्री डालने से कचरा फैलता है। इस हेतु नगर निगम द्वारा कुछ तालाबों में मूर्ति विसर्जन के लिए कुण्ड बनाया जा रहा है। जितने भी श्रद्वालु है, वे निगम द्वारा बनाए गए कुण्ड में ही मूर्ति विसर्जन करें।

### इन तालाबों में बने कुंड

मूर्ति विसर्जन हेतु चिन्हांकित किए गए निम्नानुसार तालाबों आलाबंद तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब, भेलवा तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नकटा तालाब, श्याम नगर केम्प-2 तालाब एवं जयंती स्टेडियम तालाब में मूर्ति विसर्जित हेतु कुण्ड बनाया गया है। अन्य शेष तालाबों में मूर्ति विसर्जन करना प्रतिबंधित है। इन तालाबों के अतिरिक्त शिवनाथ नदी दुर्ग को मूर्ति विसर्जन हेतु चिन्हांकित किया गया है।

## खुर्सीपार पहुंचे विधायक चंद्राकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नव युवा मित्र मंडल न्यू खुर्सीपार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य झांकी का निर्माण किया गया है। इस वर्ष जूरासिक वर्ल्ड झांकी का निर्माण किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने झांकी का अवलोकन किया। भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना की। उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया।नव युवा मित्र मंडल के द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने समिति के कार्यों को और अधिक विस्तार देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष पवन अग्रवाल, सिरिश अग्रवाल, सतीश, दीपक बंसल, विकास केसारानी, शंभुनाथ बैठा, रुपेश कुमार, शिव कमल सहित अन्य मौजूद थे।

### जोनल प्रतिनिधि के लिए 15 में से 11 नामांकन जमा हुए, एक कोषाध्यक्ष पद के लिए

# ओए चुनाव के लिए पहले दिन कुल 16 नामांकन उठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के 19 सिंतबर को होने वाले बहुप्रतीक्षित चुनाव के लिए आज बुधवार से गहमागहमी के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरु गई। पहले दिन जेडआर पद के लिए 11 नामांकन दाखिल किए गए। आज अध्यक्ष और महासचिव के लिए किसी ने परचा नहीं लिया। जेडआर के लिए प्रथम फार्म वितरण की औपचारिक प्रक्रिया मुख्य रिटर्निंग आफिसर बीएसपी के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर की उपस्थिति में हुई। इस दौरान चुनाव कार्यालय में रिटर्निंग आफिसर जीएम जीएम संदीप झा, जीएम विकास चंद्रा और एएम सैफुद्दीन फैजली भी उपस्थित थे।

ओए चुनाव के लिए आज चुनाव कार्यालय एचआर रुम नंबर 13 में दिनभर सरगरमी बनी रही। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन विभिन्न पदों के कई दावेदार और उनके समर्थक परचा लेने पहुंचे। अभ्यर्थियों ने आज कुल 16 नामांकन लिए। इनमें जोनल प्रतिनिधि के लिए 15 और कोषाध्यक्ष पद के लिए 1 फार्म लिया गया। जेडआर के लिए 11 सदस्यों ने फार्म भी जमा कर दिए। चुनाव को लेकर पहले दिन से ही दावेदारों में व समर्थक सदस्य अधिकारियों में उत्साह दिखाई देने लगा। जेडआर के लिए एक कनिष्ठ अधिकारी नामांकन फार्म लेने उत्साह से साथी अधिकारियों के साथ पहुंचे। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री ठाकुर ने फार्म दिया। नामांकन फार्म दाखिल की अंतिम तारीख 6 सिंतबर है। वापस लेने की अंतिम तारीख 9 सिंतबर है। वैध नामांकनों की सूची 8 सितंबर तक शाम 8 बजे तक कार्यालय के सचूना पटल पर चस्पा की जाएगी।वापसी की अंतिम तारीख 9 सितंबर है। ओए चुनाव के लिए मतदान 19 सितंबर को भिलाई क्लब, राजहरा क्लब और नंदिनी हाउस में होगा और रात मतगणना बाद अलसुबह तक परिणाम घोषित होने के आसार हैं।



### दो नामांकन फार्म तक नि:शुल्क

सदस्यों को अधिकतम दो नामांकन फार्म निशुल्क दिए जा रहे हैं। लेकिन दो से अधिक परचा लेने पर प्रति फार्म 10 रुपए देना होगा। रिटर्निंग आफिसर जेएन ठाकुर ने बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। एचआर रुम में नोटिस बोर्ड में सदस्यों के लिए नोटिफिकेशन और मतदाता सूची चस्पा कर दिया गया है। चुनाव ओए की परंपरा के अनुरुप पारदर्शी और गरिमा के अनुकूल संपन्न हो, इसके लिए हमारे प्रयास के साथ सदस्यों ने भी भरोसा दिलाया है। पूरी चुनाव प्रक्रिया रिटर्निंग आफिसर श्री ठाकुर सहित संदीप झा, श्री चंद्रा और सैफुद्दीन फैजली द्वारा करवाई जाएगी।



रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



मोरपंखी अदा

लाइव इवेंट

## गणपति और चंद्रमा अपमान आत्मसंयम और प्रतिष्ठा के सूत्र



**भिलाई।** विघ्नहर्ता गणेश के जीवन की एक प्रसंग बड़ी गहराई से हमें जीवन का प्रबंधन सिखाता है। कथा है कि एक बार गणेश जी ने भरपेट भोजन किया और चंद्रमा ने उनके गजमुख रूप व पेट का मज़ाक उड़ाया। आहत होकर गणपति ने चंद्रमा को शाप दे दिया कि जो भी चंद्रमा को देखेगा, उसे कलंक लगेगा। बाद में देवताओं और ऋषियों ने निवेदन किया तो गणेश ने शाप को आंशिक कर दिया कि भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन चंद्रमा देखने से कलंक लगेगा। यह कथा केवल पौराणिक घटना नहीं है, बल्कि जीवन प्रबंधन का गहरा सूत्र है। डॉ अजय आर्य जीवन प्रबंधन का सूत्र बताते हुए कहते है कि अपमान का सामना धैर्य से करें। जीवन में हमें भी अपमान, आलोचना या उपहास का सामना करना पड़ता है। यदि हम तुरंत प्रतिक्रिया देंगे तो परिणाम अक्सर कड़वे होते हैं। संयम और धैर्य ही सम्मान का मार्ग है। जो हमें सिखाता है कि गुस्से में लिए गए निर्णय आगे चलकर पछतावे का कारण बन सकते हैं। गणपति ने शाप को आंशिक संशोधन करके, संवाद और विवेक का परिचय दिया। यह बताता है कि किसी गलती को सुधारने में देर नहीं होती। चंद्रमा का मज़ाक और कलंक का शाप हमें याद दिलाता है कि सम्मान और अपमान दोनों स्थायी नहीं होते। यही गणेश जी का वास्तविक संदेश है। गणपति का यह प्रसंग हमें सिखाता है कि जीवन में अपमान का उत्तर प्रतिशोध से नहीं, बल्कि आत्मसंयम से देना चाहिए। क्रोध से पैदा हुई गलती को संवाद और विवेक से सुधारा जा सकता है।

लाइव इवेंट

## नई पद्धतियों, उपकरणों और दवाइयों से डेंटिस्ट हुए अवगत



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा शहर के चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए दंत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भिलाई निवास में किया गया। इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग भिलाई ब्रांच द्वारा दंत चिकित्सा में प्रचलित नई पद्धतियों, उपकरणों, दवाइयों, तकनीकों के बारे में डॉक्टर्स को अवगत कराने और अपने मरीजों को आधुनिकतम व उत्कृष्ट चिकित्सा प्रदान कर सेमिनार का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आयोजित कार्यक्रम में शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से ओरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ.बीजू पापाचन, रुट कैनाल विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुन्हप्पन और दुर्ग शहर के वरिष्ठ कृत्रिम दांत एवं इम्प्लांट विशेषज्ञ डॉ. नितिन वैद्य विशेष वक्ता के रुप में मौजूद थे। इस दौरान चाय पर चर्चा की शैली में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सामान्य व्याख्यान के बजाय अनौपचारिक रूप से विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की। आयोजन में दुर्ग भिलाई के वरिष्ठतम चिकित्सकों के साथ ट्रेनी डेन्टीस्ट और सम्बंधित विभागों के स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित हुए। चिकित्सकों ने क्लिनिक में होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं और उन्हें बेहतर बनाने के सम्बन्ध में अनेक प्रश्न पूछे, जिसका विशेषज्ञों ने विस्तार और सरलता के साथ समझाया।

लाइव इवेंट

## भारद्वाज ने संभाली तकनीकी शिक्षा के खेल विभाग की कमान



**भिलाई।** सीएसव्हीटीयू भिलाई के खेल विभाग की कमान विवि के सलाहकार(अभियांत्रिकी) किशोर कुमार भारद्वाज को सौंपी गई है। इससे पहले वे कुलपति सचिवालय ,जनसंपर्क विभाग सहित विवि व शासन से जुड़े मामलों में समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। जहां 15 साल से लंबित बीएसपी से विवि का भू-हस्तांतरण, 12 बी/ एआईसीटीई की मान्यता, निर्माण कार्य, अकादमिक, प्रशासनिक स्थापना के विकास कार्यों से जुड़े कार्य वे करते रहे। भारद्वाज नीति प्रबंधन व नवाचार के साथ रिजल्ट देने वालों में से है, उन्हें खेल विभाग की जिम्मेदारी मिलने से खेल संघों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और उनसे बेहतर सहयोग की अपेक्षा की है। वहीं खेल विभाग के तत्कालीन प्रभारी अधिकारी डॉ. एसआर ठाकुर ने के भारद्वाज को कार्यभार सौंप दिया है।

● गणेश पूजा के दौरान घरों में सांचे से बना रहे मोदक, दुकानों में भी बढ़ी खपत

# ट्विनसिटी में रंग बिरंगे मोदक खींच रहे लोगों का ध्यान, पान-काजू और चॉकलेट की वैरायटी से बढ़ी मोदक की मिठास

**भिलाई ।** ट्विनसिटी में इन दिनों सभी जगह गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। घरों सहित छोटे बड़े गणेश पंडालों में रोज हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर विघ्नहर्ता के दर्शन कर आर्शिवाद भी ले रहे है। जहां गणपति का प्रिय व्यंजन मोदक, लड्डू और फलों की खपत अधिक होने से डिमांड भी बाजारों बढ़ी हुई है। इस बार बाजार में कई तरह के मोदक मिल रहे हैं। चाकलेट, पान, काजू के मोदक ट्रेंड में हैं। पान वाले मोदक में काजू का स्वाद भी है। सिविक सेंटर, सेक्टर 6 ए मार्केट, सुपेला, वैशाली नगर मार्केट समेत कई बाजारों में मोदक की धूम है। चॉकलेट और ड्राई फ्रूट मोदक युवाओं को पसंद आ रहे हैं। गणेश उत्सव में मोदक न केवल भक्ति का माध्यम है, बल्कि इनोवेशन का भी प्रतीक बन गया है। चाहे पारंपरिक हो या मॉडर्न, मोदक का स्वाद त्योहार की खुशी को दोगुना कर रहा है। इस बार मार्केट में कई वैरायटी के मोदक मिल रहे हैं। इनमें विभिन्न फ्लैवर सहित पान के मोदक ट्रेंड में है।



### मिठाई दुकानों पर मोदक की धूम

विभिन्न प्रकार के मोदक की खास बात यह है कि पान वाले मोदक में काजू का भी स्वाद है। मार्केट में इसकी कीमत सबसे ज्यादा है। दुर्ग इंदिरा मार्केट, रिसाली, पावर हाउस समेत ट्विनसिटी के सभी मार्केट में मिठाई की दुकान पर मोदक की धूम है। यहां लगभग 5 से ज्यादा वैरायटी के मोदक उपलब्ध हैं। इनमें बूंदी के मोदक से लेकर पारंपरिक नारियल-गुड़ के अलावा, केसर मोदक, चॉकलेट मोदक, ड्राई फ्रूट मोदक, बेसन मोदक, मैगो मोदक, पेड़ा मोदक, पान-काजू मोदक जैसे इनोवेटिव वैरायटी बाजार में छाए हुए हैं।

### समय के साथ बढ़ रही मोदक की डिमांड



छोटू होटल रामनगर के संचालक ने बताया कि बदलते समय अनुसार गणेश पूजा के दौरान साल दर साल मोदक की डिमांड बढ़ती जा रही है। इस बार ड्राई फ्रूट, पान, बूंदी से बने मोदक काफी डिमांड में हैं। पान फ्लेवर, ड्राई फ्रूट्स से सभी साइज के एक मोदक तैयार किया गया है। इसके अलावा बेसन और बूंदी लड्डू की भी रोज खपत हो रही है। वहीं सभी प्रकार के मोदक की डिमांड है। रंग बिरंगी मोदक खींच रहे लोगों का ध्यानलोग केसर, खोया और नारियल से तैयार मोदक लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### ड्राई फ्रूट और ऑर्गेनिक मोदक ट्रेंड में



चॉकलेट मोदक में मेल्टेड चॉकलेट, कंडेंस्ड मिल्क और नट्स का इस्तेमाल होता है, जो युवाओं को खास पसंद आ रहा है जो गणपति को भोग लगाने के लिए सबसे ज्यादा खरीद रहे है। ड्राई फ्रूट मोदक में बादाम, काजू, पिस्ता और किशमिश समेत कई ड्राई फ्रूट्स का मिश्रण होता है, जो त्योहार को लग्जरी टच देता है। ऑर्गेनिक मोदक भी ट्रेंड में हैं, जिसमें गुड़ और नारियल का उपयोग किया जा रहा है।

बीकानेर सुपेला के प्रमोद मंत्री ने बताया कि इस बार पान-काजू का मोदक नया है। इसमें काजू की परत के साथ मोदक के अंदर पान की फ्लेवर होता है। जो गुलकंद और मिठास के साथ पान का स्वाद दे रहा है। इसकी कीमत 7 सौ से हजार रुपये प्रति किलो है। वहीं संगम डेयरी, अयोध्या डेयरी, कान्हाजी, जलाराम दुर्ग, भिलाई, पावर हाउस के सभी मिठाई की दुकान पर रंग बिरंगी मोदक उपलब्ध है।

### गणेश पूजा के दौरान मोदक की मांग बहुत बढ़ जाती

मिष्ठान संचालकों का कहना है कि गणेश पूजा के दौरान मोदक की मांग बहुत बढ़ जाती है। गणेश की सबसे पसंदीदा मिठाई है, और भक्तों का मानना है कि मोदक का भोग लगाने से गणेशजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा प्राप्त होती है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्त तरह-तरह के मोदक बनाते और खरीदते हैं, जिससे मिठाई दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है और उनकी बिक्री में काफी वृद्धि हुई है।

वहीं कुछ लोग इसे सेहतमंद भी मानते हैं, क्योंकि यह नारियल, गुड़ और चावल के आटे से बनता है, जो इसे एक पारंपरिक और स्वास्थ्यवर्धक पकवान बनाता है। त्योहारों के दौरान पारंपरिक मिष्ठानों की मांग अचानक बढ़ जाती है।

## भादवा मेले का समापन, अंतिम दिन दर्शन को उमड़े भक्त, भंडारा में ग्रहण किया प्रसाद

**दुर्ग।** श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर पुलगांव नाका में आयोजित 10 दिवसीय भादवा मेला के अंतिम दिन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी। दरबार में सुबह महाआरती व हवन पूजन किया गया। इस दौरान भजन-कीर्तन की धुन गुंजायमान रही। जिसके धुन में नाच-गाकर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा-भक्ति प्रकट की, वहीं बापजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दिनभर तांता लगा रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हवनकुंड की परिक्रमा की और हवनकुंड में नारियल अर्पित कर मनोकामना पूर्ण करने प्रार्थना की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि भी दर्शन के लिए श्री रामदेव बाबा दरबार पहुंचे। महापौर अलका बाघमार, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, नगर निगम एमआईसी प्रभारी निलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व पार्षद ऋषभ जैन (बाबू), दुर्ग जिला कैट के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, चेयरमैन पवन बड़जात्या, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव संदीप वोरा, सन्नी साहू के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के दर्शन कर शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।



दोपहर बाद महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया। महाप्रसादी ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान महापौर अल्का बाघमार ने भी आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री रामदेव बाबा दरबार के प्रमुख रमेश कुमार जैन, पायल जैन, मनीष जैन, गौरव बजाज, प्रवीण पींचा, गौरव पींचा, गोविंद बजाज, संतोष छाजेड़, आशीष सोनी, दिनेश रुपारेल, राकेश धाड़ीवाल,गौतम धाड़ीवाल, प्रशांत शर्मा,पंकज शर्मा, बंटी पारख, महावीर बाफना, मनीष छाजेड़, नरेश भंडारी सहित अन्य मौजूद थे। मेला में पूरे 10 दिन दरबार में श्रद्धा-भक्ति का अद्भुत माहौल निर्मित रहा। प्रतिदिन देश व प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा जम्मा जागरण व भजनों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।

## भरतनाट्यम में भारतीय इतिहास की आद्या ने दी शानदार प्रस्तुति

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय मंच चक्रधर समारोह 2025 का आयोजन रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया था। जिसमें भिलाई की आद्या पाण्डेय ने शास्त्रीय नृत्य कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला के क्षेत्र में सम्मानित कार्यक्रम चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देना कलाकार के लिए सपना होता है वही इस समारोह के लिए 16 वर्षीय आद्या पांडे का चयन हुआ और उन्होंने अपनी आकर्षक भाव-भंगिमाओं से बेहतरीन प्रस्तुति दी। 10 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कलाकारों ने हिस्सा लिया। समारोह के मंच पर आद्या ने अपनी भरतनाट्यम प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। भारतीय इतिहास और शास्त्रीय नृत्य की भाव-भंगिमाओं को उन्होंने सहजता और शुद्धता से प्रस्तुत किया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेहतरीन प्रस्तुति के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के आर.एस. विश्वकर्मा और जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के द्वारा आद्या पाण्डेय का सम्मान किया गया।



भिलाई के आईटीआई ग्राउंड में भूमि पूजन के साथ श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियाँ प्रारंभ

कार्नर न्यूज

# राजन महाराज की रामकथा 12 से 20 तक, ट्विनसिटी में बहेगी भक्ति की अविरल धारा, हुआ भूमिपूजन

**भिलाई।** गणेश पक्ष के बाद पितृ पक्ष में ट्विनसिटी में एक बार फिर से भक्ति की अविरल धारा बहने वाली है। आईटीआई ग्राउंड में भिलाई 12 से 20 सितंबर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रामकथा वाचक पूज्य राजन महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस विशाल आयोजन की तैयारियों की शुरुआत बुधवार को भूमि पूजन के साथ विधिवत आचार्य पं संदीप तिवारी के मंत्रोच्चार के साथ की गई।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, व्यवसायी इंद्रजीत सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और रामभक्त शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह ने जय श्रीराम के उद्घोषों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आयोजक मंडल जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई की ओर से जानकारी देते हुए जिला भाजपा कोषाध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, आस्था, सेवा और सद्भाव का संदेश फैलाना है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह जीवन की दिशा बदलने वाली दिव्य अनुभूति है। भिलाईवासियों को इस



ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनना चाहिए।

राजन महाराज अपने अद्भुत वाणी और गहन व्याख्यान से लाखों श्रोताओं के हृदय को स्पंदित कर चुके हैं। उनके श्रीमुख से होने वाली कथा हर वर्ग और हर आयु के श्रोताओं को आत्मिक शांति एवं जीवन के लिए प्रेरणा प्रदान करती है। आयोजकों का कहना है कि 12 से 20 सितंबर तक होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के धार्मिक मानचित्र पर एक ऐतिहासिक अवसर होगा। भूमि पूजन के अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

### राम नाम का स्मरण ही कल्याण का पथ- इंद्रजीत

श्रीराम कथा के भूमि पूजन के अवसर पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि भूमिपूजन में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रीराम कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, अपितु समाज में नैतिक मूल्यों, धर्म, कर्तव्य, और सदाचार की स्थापना का माध्यम है। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि



सिटी इवेंट

## रक्तदान करने उमड़े लोग, स्वास्थ्य शिविर में उपचार के साथ दी दवाएं



**भिलाई।** सैय्यदी सुन्नी जामा मस्जिद-मजार कमेटी भिलाई-तीन की ओर से ईद मिलादुन्नबी होने वाले आयोजनों के सिलसिले में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कमेटी के सदर रुस्तम अली ने बताया कि नबी हज़रत मोहम्मद के 1500 वें जन्मदिन के मौके पर कमेंटी ने रक्तदान शिविर व आयुष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। यहां रक्तदान शिविर में कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। जिनमें 5 महिलाएं भी शामिल रही।

भिलाई-तीन चरोदा नगर निगम वार्ड पार्षद व एम आई सी सदस्य देवकुमारी भल्लावी ने भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पवन कुमार नामेवर मेडिसिन विशेषज्ञ ने 20 मरीजों का उपचार कर निदान व आवश्यक सलाह दी। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने रक्तचाप व ब्लड शुगर एनसीडी कैम्प के माध्यम से 55 लोगों की स्क्रीनिंग की। जिसमें नये ब्लड पवन शुगर के मरीजों को व हाइपरटेंशन मरीजों को जीवन शैली में व्यायाम करने व खान-पान में बदलाव करने सलाह दी गई। आयुष स्वास्थ्य शिविर में 120 लोगों को उपचार कर दवा वितरण किया गया। जिसमें वात रोग, चर्मरोग,शूल पीड़ा व नसों की दर्द ,उदर रोग व स्त्री रोग से संबंधित बीमारियों का उपचार कर दवा दी गई। शिविर में डॉ. पवन कुमार नामेवर,डॉ. नितिन कश्यप, योग शिक्षक आकांक्षा मिश्रा, बी ई ईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई सैय्यद असलम, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका कुमारी देवीला चंद्राकर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक निवेश प्रधान, फार्मासिस्ट विनय निर्मलकर,जय सिंह कोठारी,मितानिन नूतन तिवारी, लतिका सरकार वार्ड वाय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सेवाएं प्रदान की। वहीं समिति की ओर से रक्तदान करने वाले व्यक्तियों ओर संस्थान द्वारा चिकित्सको ओर वार्ड पार्षदों ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों को गुड सेठ रायपुर ने सम्मान स्वरूप निशुल्क हेलमेट प्रदान किया। समिति की ओर सदर रूस्तम अली,नसीम खान रईस अहमद, तौहिद रज़ा बाबा, अब्दुल हसन पर, तौसीफ, मोहम्मद इमरान, शारदा, तुलसी मरकाम, लाभेश, गुड होप ब्लड सेंटर के संचालक हितेश चंद्राकर और ज़फ़र अब्बास सहित रक्तदान करने वाले हितग्राही उपस्थित थे।

समाज इवेंट

## साहू मित्र सभा के निर्वाचन में देवेश फिर से बने अध्यक्ष



**भिलाई।** साहू मित्र सभा सेक्टर 7, 8, 9 एवं 10 इकाई के निर्वाचन में पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष एवं संगठन सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उपाध्यक्ष पद में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। देवेश साहू दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष छत्रपाल साहू एवं अंजू साहू बने। अध्यक्ष एवं संगठन सचिव (महिला एवं पुरुष) पद पर प्रत्याशियों को निर्विरोध चुना गया। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष देवेश साहू, उपाध्यक्ष छत्रपाल साहू, उपाध्यक्ष अंजू साहू, संगठन सचिव रविशंकर साहू, संगठन सचिव लक्ष्मी साहू शामिल हैं। सचिव पद में पवन साहू एवं कोषाध्यक्ष पद में नानक राम साहू का मनोनयन हुआ। चुनाव अधिकारी खेद राम साहू, शिवकुमार साव थे। इस अवसर पर कबीर साहू, श्यामदेव साहू, भुवनेश साहू, देव कुमार साहू, ईश्वरी साहू, निलेश साहू, शैलेन्द्र साहू, भूपेंद्र साहू, राकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, देवेंद्र साहू, गोवर्धन साहू, वेदांत साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सेक्टर की सामाजिक एवं संगठनात्मक प्रगति में नए पदाधिकारियों के योगदान की अपेक्षा की जाती है। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ईश्वरी साहू ने दी।

स्पोर्ट्स लाइव

## शतरंज, कैरम, पंजा कुश्ती और बिल्लस में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**भिलाई।** स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको द्वारा मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस में शतरंज, कैरम, पंजा कुश्ती और बिल्लस खेलों का आयोजन किया गया। जिसका उद्धेश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रूचि जागृत करना व खेलों के माध्यम से शारीरिक सौष्ठव को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग और वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। जिसका संचालन एम एम तिवारी क्रीड़ा अधिकारी, डॉ.शर्मिला शामल विभागाध्यक्ष वाणिज्य, स.प्रा. गोल्डी सिंह राजपूत, अमरजीत और तिलक साहू द्वारा किया गया। इस असवर पर डॉ.दीपक शर्मा, डॉ.मोनिषा शर्मा डायरेक्टर श्री शंकराचार्य शिक्षण संस्थान, हुडको भिलाई ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलों में बढ़चढ़ कर भाग देने के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिस्पर्धा में शतरंज पुरूष वर्ग में अन्वेष श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान पर फरहत कामरान, महिला वर्ग में प्रथम गितान्शी पाण्डेय, द्वितीय रिया बोरकर, पंजा कुश्ती में प्रथम तानिया ठाकुर, द्वितीय रिदा। पंजा कुश्ती पुरूष वर्ग में प्रथम सकलैन द्वितीय हिमेश, बिल्लस में प्रथम स्थान यामिनी धुर्वे, द्वितीय स्थान मेघा ठाकुर, तृतीय प्रिया रही। कैरम प्रतियोगिता में 20 पुरूष एवं 18 महिला खिलाड़ियों ने भाग लेकर एक-एक राउण्ड का मैच खेला।



● महाराज अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, धुनी, इत्र की खुशबू और फूलों की वर्षा के बीच राधारानी की डोली का किया स्वागत

**दुर्ग।** महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट वेलफेयर सोशल ग्रुप का निर्माण किया गया। इस ग्रुप परिवार ने भक्तिमय उल्लास के साथ राधा अष्टमी महोत्सव और तीज उत्सव मनाया। यह आयोजन आध्यात्मिक वातावरण, भक्ति रस और सांस्कृतिक सौंदर्य का अद्वितीय संगम रहा। आयोजन में दुर्ग के चेयरमैन विजय अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, महासचिव कैलाश रुंगटा, उपाध्यक्ष संजय रूंगटा, बृजमोहन गोयल, विनोद अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, मुरली अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत राधा डोली उत्सव से हुई। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद, धुनी, इत्र की खुशबू और फूलों की वर्षा के बीच जब राधारानी की डोली का स्वागत हुआ। बरसाना की पावन गलियों का दृश्य साकार किया गया। भक्तगण नाचते-गाते, झूमते हुए राधे-राधे के जयघोष में सराबोर हो उठे। इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को राधा-कृष्ण के मधुर रस में डुबो दिया। राधारानी के जीवन पर आधारित मंचन, उनके जन्म से लेकर किशोरावस्था, श्रीकृष्ण संग लीलाओं और आत्मिक मिलन तक की झलकियां जीवंत की गई।



### भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराने का लिया संकल्प

समाज द्वारा इस अवसर पर संकल्प लिया कि भविष्य में और भी भक्ति एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। भक्ति महोत्सव, जिसमें समाज की तीनों पीढ़ी को धार्मिक आयोजन के द्वारा जोड़ा जाएगा। परिवार मिलन समारोह, जिससे नई पीढ़ी संस्कृति और परंपरा से जुड़ेगी। सामाजिक सेवा कार्यक्रम, जिनसे समाज के जरूरतमंद वर्ग तक सहयोग पहुँचेगा साथ ही समाज ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। उक्ताशय की जानकारी सचिव मुरारी अग्रवाल ने दी। समूह का संकल्प है कि, राधे नाम स्मरण से समाज में प्रेम, अपनत्व और एकता का संचार हो।

### छप्पन भोग का प्रसाद भी किया अर्पित

भक्ति और आनंद से सराबोर इस आयोजन में छप्पन भोग का दिव्य प्रसाद अर्पित किया गया। महाआरती और फूलों की होली ने कार्यक्रम को अलौकिक आभा प्रदान की। श्रद्धालुओं ने राधा प्रसादम का भोग ग्रहण किया। राधा भजन धमाल ने उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम संयोजक उषा सुधीर अग्रवाल, संगीता बिमल राजगढ़िया तथा कार्यक्रम प्रभारी सुमन नवीन अग्रवाल, संजना वंशीधर पोद्दार, राजरानी गिरीश अग्रवाल, निशा प्रदीप अग्रवाल, रजनी बिमलेश रुंगटा की सराहनीय भूमिक रही।



### बालकों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया भाग

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 1 वर्ष के नन्हें बालक से लेकर 70 वर्ष के वरिष्ठजनों तक ने भूमिका निभाई। राधा रानी, जिनका स्वरूप प्रेम, भक्ति और करुणा का प्रतीक है, उनके जीवन की झलकियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। जानकारी दी गई कि राधा का चरित्र यह संदेश देता है कि सच्चा प्रेम भक्ति में ही पूर्णता पाता है, और यही प्रेम जगत में दिव्यता का आधार है। श्रीकृष्ण का यह वचन इस भाव को और स्पष्ट करता है कि राधिका हृदयम् मम, मम हृदयं राधिकायाः।

### सामाजिक एकजुटता के लिए किया आयोजन



वेल्फेयर सोशल ग्रुप जो महाराजा अग्रसेन वेल्फेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में गठित है। इसका मुख्य उद्देश्य ट्रस्टियों और उनके परिवारों को एकजुट कर सामाजिक समरसता, अपनत्व और सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश देना है। इससे पूर्व भी इस ग्रुप ने गोवा थीम आधारित इंटरटेनमेंट कार्यक्रम और सितारे ज़मीन पर फ़ैमिली मूवी कार्यक्रम जैसे यादगार आयोजन किए हैं। संस्था का लक्ष्य समाज में प्रेम, अपनत्व और एकता का वातावरण निर्मित करना है। राधा अष्टमी महोत्सव ने यह सिद्ध कर दिया कि जब परिवार मिलकर एक साथ खड़ा हो, तो हर आयोजन केवल एक उत्सव न होकर, भक्ति, आनंद और सामाजिक एकता का संदेश बन जाता है।

तीज मिलन समारोह

## निर्मलकर समाज का तीज उत्सव, यशोदा बनी तीज क्वीन



**दुर्ग।** नगर निर्मलकर (धोबी रजक) समाज द्वारा कसारीडीह सिविललाईन स्थित सामाजिक भवन में आयोजित तीज मिलन समारोह में जमकर खुशियां बिखरी। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा साबित की। कार्यक्रम में निगम महापौर अलका बाघमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। अध्यक्षता राष्ट्रीय रजक महासंघ के उपाध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने की। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं समाज की गौरव रजनी रजक समारोह में विशेष रूप से मौजूद रही। तीज मिलन समारोह में महापौर अलका बाघमार ने महिलाओं को तीज पर्व की बधाई दी और उनकी एकजुटता व प्रतिभा की सराहना की। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों की मांग पर महापौर द्वारा सामाजिक भवन कसारीडीह में चेकर टाइल्स लगवाने, उतई टैम्पो स्टैण्ड चौक में समाज के संत शिरोमणि गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना व उनके नाम पर चौक का नामकरण करने पर अपनी सहमति दी गई। वहीं राष्ट्रीय रजक महासंघ के उपाध्यक्ष प्रभुनाम बैठा द्वारा बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस दौरान श्री बैठा ने अपने उद्बोधन में समाज की महिला कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा समारोह में ड्रेस कोड का अनुसरण करने की तारीफ की गई और भविष्य में भी अन्य सदस्यों से ड्रेस कोड का अनुसरण करने अपील की गई।



### प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभा हुए सम्मानित

समारोह में तीज क्वीन, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, गोली चम्मच दौड़, छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता के अलावा अन्य प्रतियोगिताएं आकर्षण का केन्द्र रही। प्रतियोगिताओ में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा साबित की। तीज क्वीन यशोदा निर्मलकर बनी। समारोह में समाज के संरक्षक नारायण निर्मलकर, गणेश निर्मलकर, प्रेमशंकर, राजीव, चंद्रिका निर्मलकर, गौरव रजनी, शिवशंकर निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, रोहित, मधु, दिलीप, विकास, अनिल, सरस व दीनानाथ सर्वा आदि मौजूद रहे।

तीज मिलन का आयोजन

## फिल्मी गानों में किया डांस, रैम्प वॉक कर अपनी कला का किया प्रदर्शन



**भिलाई।** महिला समाज की भिलाई शाखा का तीजन मिलन समारोह स्टील सेक्टर-9 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने फिल्मी गानों में नृत्य किया। रैम्प वॉक कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मजेदार गेम्स के साथ हाऊजी का लुत्फ उठाया। आयोजन समिति की अदिति ने बताया कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी महिला ग्रुप्स ने आयोजन किया। तीज क्वीन काम्पीटिशन में अर्चना वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनर अप हर्ष रामटेक और सीमा लडार रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष स्मिता गिरी, उपाध्यक्ष छवि निगम, रेणु रविन्द्रनाथ सोनाली रथ, चैती पाल, शिखा जैन, रीता तिवारी मौजूद थे। वर्किंग कमेटी की सपना सोनी, रूखसान सेख, नीलिमा साइ, सुधा शमी, माधवी ठाकरे, संगीता, रश्मि पुरोहित, बॉबी दिल्लीवार, पुष्पा तीवारी सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

**तीज क्वीन काम्पीटिशन में अर्चना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**

साइंस कॉलेज में भूविज्ञान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जीएसआई के डायरेक्टर

# भूविज्ञान में रोजगार की अपार संभावनाएं स्टूडेंट्स करें कड़ी मेहनत, सफलता मिलना तय

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** भूविज्ञान में रोजगार की अपार संभावनाए हैं, विद्यार्थियों को प्रदेश एवं देश के हित में भूविज्ञान विषय में कड़ी मेहनत करनी चाहिए। ये बातें भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) रायपुर डिवीजन के डायरेक्टर अमित सोनी ने व्यक्त किए। सोनी शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के भूविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित भूविज्ञान परिषद के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित भूविज्ञान के छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में सोनी ने छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले क्रिटिकल खनिजों तथा उनके महत्व पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उपस्थित विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भूविज्ञान विभाग की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भूविज्ञान विषय फील्ड पर आधारित विज्ञान है। विद्यार्थियों को भूविज्ञान के महत्व को जानते हुए सैध्दांतिक ज्ञान के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा फील्ड का अनुभव आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भूविज्ञान के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने भूविज्ञान परिषद के गठन एवं उसके महत्व की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सत्र 2025-26 हेतु मनोनीत भूविज्ञान परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इन पदाधिकारियों ने अध्यक्ष रूचि देशमुख, उपाध्यक्ष दीपा साहू, सचिव धर्मेश कुमार तथा सहसचिव झलक मिश्रा शामिल थे।



### निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

भूविज्ञान विभाग के गौरव भूतपूर्व छात्र डॉ. विकास स्वर्णकार को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भूविज्ञान विभाग की भूतपूर्व छात्रा डॉ. प्रज्ञा सिंह को आगामी 5 सितम्बर को नई दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित होने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भूविज्ञान परिषद द्वारा आयोजित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। भूविज्ञान की स्नातकोत्तर छात्रा फाल्गुनी साहू ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष रूचि देशमुख ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर आयोजित जियो अंताक्षरी प्रतियोगिता में दो टीमें बराबरी पर रही, वहीं कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम की तर्ज पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर के 5 विद्यार्थियों की टीम प्रथम स्थान पर रहीं।



### भूविज्ञान विभाग ने गिनाई उपलब्धियां

भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भूविज्ञान परिषद के गठन का मुख्य उद्देश्य विभागीय गतिविधियों का सुचारु रूप से संचालन करना है। डॉ. देशमुख ने 1982 में भूविज्ञान विभाग की स्थापना से लेकर आज तक के सफर की उपलब्धियों का विवरण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एके खान तथा अभिनेष सुराना, डॉ. जीएस ठाकुर, डॉ. सतीष सेन तथा डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी एवं डॉ. इन्द्रजीत साकेत उपस्थित थे। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रजीत साकेत, दिनेश मिश्रा, फाल्गुनी साहू ने किया। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किये गये।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ओणम महोत्सव में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

**रायपुर।** रायपुर केरला समाजम द्वारा ओणम महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।



खेल प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, रस्साकशी, शतरंज, कैरम और कुर्सी दौड़ शामिल थीं, वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में फैंसी ड्रेस, चित्रकला, नृत्य एवं गायन जैसी प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। प्रत्येक आयु वर्ग के लिए प्रतियोगिताएँ रखी गई थीं, जिससे सभी वर्गों के लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर रायपुर केरला समाजम की पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। प्रतिभागियों एवं दर्शकों ने इस वर्ष के आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की।

### संभावित खिलाड़ियों में श्रेयांस, सौमय, प्रतीक और विवेक का नाम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अंडर



16 एवं अंडर-19 वर्ग के संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। ये खिलाड़ी कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित क्रिकेट के शिविर में भाग लेंगे। अंडर 16 वर्ग में श्रेयांश सिंह, सोमय साहू एवं प्रतीक और अंडर-19 वर्ग में विवेक कुमार एवं आदित्य यादव शामिल हैं। सभी खिलाड़ी शांति नगर स्थित नायडू क्रिकेट अकादमी में बीसीसीआई के लेवल 2 कोच, भूतपूर्व विजी ट्रॉफी प्लेयर एवं पूर्व में सीएससीएस की रणजी ट्रॉफी टीम के फील्डिंग कोच एवं प्रबंधक गजानंद नायडू के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

### शालेय टेटे बालिका में धरसींवा और बालक में महासमुंद ब्लॉक विजेता



**रायपुर।** संभाग स्तरीय शालेय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें 14. वर्ष 17 वर्ष 19 वर्ष बालिका वर्ग में धरसींवा ब्लाक विजेता बना। बालक वर्ग में महासमुंद विजेता रहा। चारों ब्लॉक से कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन चयनित खिलाड़ियों में 14 वर्ष बालिका केसर बया और बुलबुल सोनी मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर से, रिया और सिदरा सिद्दीकी महासमुंद पुष्पांजलि धमतरी से, 17 वर्ष बालिका राधिका पांडे और जी प्रियांशी रेडडी मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला चौबे कालोनी रायपुर से, मुस्कान, ओमेश्वरी व गीतांजलि महासमुंद से, 19 वर्ष बालिका नंदिनी साहू और दिव्या साहु मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौबे कालोनी रायपुर से, टिकेशवरी महासमुंद से, अनीशा और मांशी बलौदा बाजार से, 19 वर्ष बालक बलदेव नायक और सुरेश राव धरसींवा ब्लाक से, नवीन यादव महफूज और गौतम महासमुंद से, 17 वर्ष बालक प्रेमराव राव रायपुर से, यश और ओमप्रकाश धमतरी से, केशव और याशीष महासमुंद से , 14 वर्ष बालक नूर सागर, अमन व ओजस महासमुंद से तथा तेजश देवांगन और समर साहू धमतरी से चयनित हुए।

### बीसीए की टीम हिस्सा लेगी अंडर-23 में, चयन 7 को

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन ( बीसीए) के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे।



भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन( बीसीए) के खिलाड़ियों के चयन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन आगामी 7 सितंबर दिन रविवार को सुबह 9:00 बजे से कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे आगामी 6 सितंबर शनिवार तक करा सकते हैं। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

---

### बहुत ज्यादा उछलता-कूदता है आपका बच्चा तो इस रोग से हो सकता है पीड़ित

# किसी बच्चे में 'अतिसक्रियता' हो सकती है 'एडीएचडी' का प्रभाव, समस्या को पहचान कर कराईए उपचार

कुछ बच्चे घंटों तक रंग भरने या आधे दिन तक चुपचाप ब्लॉकों के साथ खेलने में संतुष्ट रहते हैं। वहीं कुछ बच्चे दो मिनट भी शांत नहीं बैठ पाते। ये एडीएचडी के लक्षण भी हो सकते हैं। 12 साल के रोहन की स्कूल से अक्सर शिकायत आती कि वह एक जगह टिक कर नहीं बैठता और टीचर का सवाल सुने बिना ही जवाब देने लगता है। रोहन के माता-पिता, दोनों ही नौकरी करते हैं, इसलिए वे उसे सही से समझ नहीं पा रहे। इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए रोहन की मां रीना ने वर्क फ्रॉम होम करना शुरू किया और अपने बेटे का व्यवहार अलग पाया। स्कूल से मिल रही शिकायतों को अब वह समझ पा रही थी। इसलिए जब वह रोहन को डॉक्टर के पास लेकर गई तो पता चला कि वह एडीएचडी से पीड़ति है।



#### क्या है एडीएचडी

एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर। यह बच्चों को प्रभावित करने वाले सबसे आम मानसिक विकारों में से एक है। यह एक न्यूरो डेवलपमेंटल विकार है। इस बीमारी से पीड़ति बच्चे में ध्यान केंद्रित करने की कमी, अतिसक्रियता और आवेगशीलता के लक्षण पाए जाते हैं। अधिकतर यह कुछ बदलावों से बचपन में ही ठीक हो जाता है, लेकिन कभी-कभी बड़े होने तक भी सक्रिय रहती है। ऐसे में बच्चे के विकास के लिए इसका समय पर निदान और उचित प्रबंधन बहुत जरूरी है। एडीएचडी के मुख्य रूप से तीन प्रकार होते हैं- संयुक्त प्रस्तुति, अतिसक्रिय/आवेगपूर्ण प्रस्तुति और असावधान प्रस्तुति।

#### कब होती है यह समस्या

एडीएचडी की समस्या अक्सर प्री-स्कूल या केजी तक के बच्चों में देखी जाती है। कुछ बच्चों में किशोरावस्था में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है, तो कई बार यह समस्या वयस्कों को भी परेशान करती है। एडीएचडी से पीड़ित बच्चे में असावधानी और अतिसक्रियता, दोनों के लक्षण होते हैं। मसलन, बिना अनुमति के दूसरों का सामान ले लेना या उनके काम में बाधा डालना। साथ ही दूसरों की बात न सुनना, बस अपनी बातों को ऊपर रखना, बिना वजह चिल्लाना इनकी आदत बन जाता है।

#### माता-पिता के लिए संकेत

बच्चा किसी भी कार्य पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। हमेशा अत्यधिक ऊर्जा से भरा रहता है और शांत नहीं बैठ पाता। बच्चा अक्सर अपने काम को शुरू तो करता है, लेकिन उसे पूरा नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए, वह खेलते समय एक खिलौने को छोड़कर दूसरे की ओर भागता है। बच्चा दूसरों के साथ खेलते समय समस्याएं दिखा सकता है, जैसे कि दोस्तों से झगड़ा करना, उनकी बात न सुनना या खेल के नियमों का पालन न करना।

#### प्रबंधन और चिकित्सा उपचार

एडीएचडी का निदान एक योग्य चिकित्सक या मनोचिकित्सक ही कर सकता है। इसके लिए डॉक्टर परिवार का इतिहास, गर्भावस्था और प्रसव के दौरान की जानकारी, बच्चे के शुरुआती विकास, शिक्षा, सामाजिक संबंध और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी लेते हैं, ताकि पता लगाया जा सके कि समस्या आनुवांशिक तो नहीं है। फिर इसके जरिए उसे आत्मनियंत्रण और सकारात्मकता का गुण सिखाया जाता है, ताकि बच्चा सामाजिक और शैक्षिक समस्याओं का सामना कर पाने में समर्थ बने।

#### सुरक्षित और समर्थित माहौल

मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान, दिल्ली में मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. ओम प्रकाश कहते हैं, एडीएचडी का सही समय पर निदान और प्रबंधन बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास में मदद कर करता है। बच्चे में एडीएचडी के लक्षण दिखाई देते हैं तो समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। सही उपचार और पारिवारिक सहयोग बच्चे के लिए बहुत जरूरी है।

एडीएचडी के प्रबंधन में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को बच्चे के सकारात्मक पहलुओं को प्रोत्साहित करना चाहिए और उसके व्यवहार को समझने की कोशिश करनी चाहिए। स्थिर और समर्थनकारी वातावरण बनाना बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षकों को बच्चों के लिए संरचित और शांत वातावरण बनाना चाहिए, जहां बच्चा सुरक्षित महसूस करे।



---




# योग करते समय भूल से भी न करें ऐसी गलतियां

योग के कई फायदे होते हैं, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करते हैं। सही तरीके से किए गए योगाभ्यास से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। वजन पर नियंत्रण, लचीलापन और ताकत आती है। वहीं मानसिक समस्याओं जैसे तनाव और चिंता, नींद की समस्या में भी सुधार होता है। योग इम्यूनिटी को मजबूत करता है और कई रोगों से दूर रखता है। हालांकि सेहत के लिए इतना असरदार होने के बावजूद क्या आप जानते हैं कि योग करते समय की गई छोटी-छोटी गलतियां फायदे की बजाय नुकसान पहुंचा सकती है। योगासन के दौरान उन सामान्य गलतियों से बचें जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती है।

#### गंदा योगा मैट

अक्सर लोग योग क्रिया पर ध्यान देते हैं लेकिन आसपास के वातावरण पर ध्यान नहीं देते। जिस योगा मैट पर बैठकर आप अभ्यास करते हैं, वह अक्सर सस्ता और गंदा हो सकता है। सस्ते योगा मैट फिसलने लगते हैं, जिससे चोट लगने का खतरा रहता है। वहीं गंदा योगा मैट कई रोगों का कारक बन सकता है।



#### कलाई पर ज्यादा भार

योग करते समय अपनी हाथों की कलाइयों पर अतिरिक्त वजन नहीं डालना चाहिए। एक ही मुद्रा में बहुत देर तक बने रहने से पहले कलाइयों को मजबूत करने पर फोकस करें। ऐसे योगासनों के अभ्यास से बचें, जिससे आपका शरीर अस्थिर होने लगे या सारा भार कलाइयों पर आता हो।

#### वार्म अप न करना

योग करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। कई लोग सीधे कठिन आसनों का अभ्यास करने लगते हैं, जिसे मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द हो सकता है। वार्मअप से शरीर लचीला होता है और मांसपेशियां योग के लिए तैयार होती हैं।

#### जल्दबाजी करना

अक्सर लोग कई योग करने के चक्कर में जल्दी जल्दी आसन बदलते हैं या शरीर को बिना तैयार किए कठिन आसनों का अभ्यास करते हैं। जल्दबाजी में चोट लग सकती है।

#### सांसों पर ध्यान न देना

योगाभ्यास में सांसों का सही संतुलन महत्वपूर्ण होता है। कई बार लोग योग करते समय सांस रोक लेते हैं या अनियमित तरीके से सांस लेते हैं, जिससे योग का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। प्राणायाम और आसनों के दौरान सांस लेने और छोड़ने के सही तरीके पर ध्यान देना चाहिए।



---

# वास्तु में भोजन बनाने और करने के लिए तय है नियम, इन्हें जरूर जानिए

वास्तु शास्त्र भारतीय परंपरा में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यह जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। भोजन, जोकि हमारे शरीर और मन की ऊर्जा का स्रोत है, उसके निर्माण और सेवन का सही तरीका जानना आवश्यक है। वास्तु शास्त्र में कुछ विशेष नियम बताए गए हैं जिनका पालन करने से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है और परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है।



#### रसोई की दिशा

वास्तु के अनुसार, रसोई घर को दक्षिण-पूर्व (अग्नि कोण) दिशा में रखना सबसे उचित माना गया है। यह दिशा अग्नि देवता की है, और इसलिए यहां भोजन बनाना शुभ फलदायी होता है। अगर इस दिशा में रसोई बनाना संभव न हो, तो उत्तर-पश्चिम दिशा का चयन किया जा सकता है। लेकिन उत्तर, उत्तर-पूर्व या दक्षिण-पश्चिम दिशा में रसोई घर कभी नहीं बनाना चाहिए, क्योंकि यह दिशाएं नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं।

#### खाना बनाते समय मुख की दिशा

खाना बनाते समय मुख का पूर्व दिशा की ओर होना सबसे लाभकारी माना गया है। पूर्व दिशा की ओर मुख करके भोजन बनाने से भोजन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यदि पूर्व दिशा संभव न हो, तो उत्तर दिशा की ओर मुख करके भी खाना बनाया जा सकता है। खाना बनाते समय दक्षिण या पश्चिम दिशा की ओर मुख करना वर्जित है, क्योंकि इससे घर के मुखिया के स्वास्थ्य और समृद्धि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

#### रसोई के उपकरणों की व्यवस्था

वास्तु के अनुसार, गैस स्टोव, ओवन, मिक्सर आदि को दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना चाहिए। पानी की सुविधा, जैसे कि सिंक या जल भंडारण की व्यवस्था, उत्तर-पूर्व दिशा में होनी चाहिए। रसोई में अनाज और मसालों को दक्षिण या पश्चिम दिशा में रखना शुभ होता है, जिससे घर में कभी भी अन्न की कमी नहीं होती।

#### भोजन करने की दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, भोजन करते समय मुख का उत्तर, पूर्व या पश्चिम दिशा की ओर होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा में मुख करके भोजन करना स्वास्थ्य और धन की दृष्टि से लाभकारी होता है। पूर्व दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से ज्ञान और बुद्धि का विकास होता है। पश्चिम दिशा की ओर मुख करके भोजन करने से लंबी आयु प्राप्त होती है। दक्षिण दिशा की ओर मुख करके भोजन करना वर्जित है, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

#### भोजन की थाली का स्थान

भोजन करते समय थाली को लकड़ी की मेज या किसी स्वच्छ, समतल सतह पर रखना चाहिए। भोजन के लिए बैठने की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए।

---

### घर पर आसान विधि से बनाएं जूस, बड़ों के साथ बच्चे भी मांगेंगे दोबारा



अगर आप घर पर कुछ हेल्दी और स्वादिष्ट पेय पदार्थ बनाना चाहते हैं तो चुकंदर का जूस बनाकर खुद भी सकते हैं और अपने परिवारवालों को भी पिला सकते हैं। सिर्फ चुकंदर का जूस पीने में काफी अजीब लगता है, ऐसे में हम आपको अलग तरह से जूस बनाने का तरीका बताएंगे।

**विधिः** चुकंदर का जूस बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर, गाजर और सेब को धोकर छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अगर आप अदरक का उपयोग कर रहे हैं तो उसे भी छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अदरक का इस्तेमाल पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।

अब जूसर में कटे हुए चुकंदर, गाजर, सेब और अदरक डालें। यदि आप चाहें तो थोड़ा पानी भी मिला सकते हैं ताकि जूस थोड़ा पतला हो सके। वरना बिना पानी के भी जूस तैयार कर सकते हैं। अब जूसर को चालू करें और सभी सामग्री का रस निकालें। इसे निकालकर छलनी की मदद से छान लें। ताकि बीच-बीच में किसी भी चीज के तिनके स्वाद को खराब न करें। अब जब जूस तैयार हो जाए, तो उसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। नींबू के रस के अलावा इस जूस में स्वादानुसार थोड़ा सा नमक मिला सकते हैं। बस आपका ये स्वादिष्ट और पौष्टिक जूस तैयार है। इसे अपने परिवारवालों को परोसें और खुद भी पिएं।

---

**कार्नर न्यूज**

### सामाजिक मूल्य और पारिवारिक स्थिति ने प्रभावित किया है फैशन की पसंद को

# बदल रही भारतीय युवाओं की पसंद, फैशन के मामले में भी देखा जा रहा नया और अनूठा ट्रेंड

हमारे भारतीय युवाओं की फैशन की पसंद में तेजी से बदलाव आया है। आज वैश्विक गांव में तब्दील हो चुकी दुनिया में पल-पल फैशन का ट्रेंड बदल रहा है। इस बीच भारतीय युवा भी अपनी पसंद में बदलाव ला रहे हैं। इस बदलाव के पीछे कई वजहे हैं।

#### संस्कृति और परिवार

भारत के युवा तेजी से वैश्विक फैशन रुझानों को अपना रहे हैं, लेकिन साथ ही, वे अभी भी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों में गहराई से जुड़े हुए हैं। परिवार की स्वीकृति और अस्वीकृति युवा लोगों के फैशन विकल्पों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, कई युवा अपने रूप-रंग के बारे में निर्णय लेने में अपने परिवारों से सहायता और मार्गदर्शन मांगते हैं।

#### सिनेमा

भारतीय फिल्म उद्योग ने युवा लोगों के फैशन विकल्पों को आकार देने में प्रमुख भूमिका निभाई है, जिसमें कई लोग अपने पसंदीदा अभिनेताओं और अभिनेत्रियों पर देखे गए नवीनतम फैशन रुझानों से प्रेरणा लेते हैं।



#### अमीर मध्यम वर्ग

युवाओं के बीच बदलते फैशन के रुझान में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में से एक भारत के मध्यम वर्ग का उदय है। इस बढ़ते जनसांख्यिकीय के पास अधिक डिस्पोजेबल आय है, और परिणामस्वरूप, वे नए, ट्रेंडी और फैशनेबल कपड़ों में निवेश करने में सक्षम हैं। वैश्विक फैशन और जीवन शैली ब्रांडों के बढ़ते संपर्क के साथ, भारत के युवा नए फैशन रुझानों के बारे में अधिक जागरूक हो रहे हैं और उनके साथ प्रयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

#### सोशल मीडिया

युवाओं के बीच बदलते फैशन ट्रेंड में योगदान देने वाला एक और कारक सोशल मीडिया का प्रभाव है। इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने युवाओं के लिए वैश्विक स्तर पर फैशन ट्रेंड को फॉलो करना और बनाए रखना आसान बना दिया है।

#### परिवार की स्वीकृति और अस्वीकृति

भारत के कई परिवारों में, माता-पिता और युवाओं के बीच अक्सर इस बात को लेकर विवाद होता है कि क्या पहनना है और क्या नहीं। यह कपड़ों के प्रति विश्वासों और दृष्टिकोणों में अंतर और युवाओं में स्वतंत्रता और आत्म-अभिव्यक्ति की इच्छा के कारण है। एक ओर, भारत में माता-पिता के पास कपड़ों के बारे में मजबूत सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताएँ हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जैक स्पैरो' के किरदार में जॉनी की वापसी की चर्चा, अपडेट दिया डायरेक्टर ने



जॉनी डेप एक बार फिर 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' में कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका निभा सकते हैं। डिज्नी से अलगाव के बावजूद, प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने हिंट दिया है कि डेप को फिल्म में लेने के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने डेप के साथ इस बारे में बातचीत भी की है। इसी के साथ हेनरी कैविल के नाम पर विराम लगता दिख रहा है। 'कैप्टन जैक स्पैरो' की भूमिका को लेकर जहां खबरें थी कि इस किरदार के लिए अब किसी नए सुपरस्टार की तलाश हो रही है, वहीं इसे लेकर अब ताजा अपडेट है। दरअसल प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने हिंट दिया है कि जॉनी डेप ही एक बार फिर से कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फेमस हॉलीवुड फ्रेंचाइजी फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' की पांचवीं सीरीज 'डेड मेन टेल नो टेल्स' को रिलीज हुए तकरीबन 8 साल गुजर गए हैं। प्रड्यूसर जेरी ब्रुकहाइमर ने अब इसे लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। डेप ने साल 2003 में 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल' में पहली बार जैक स्पैरो की भूमिका निभाई थी। इसके बाद साल 2006 में 'डेड मैन्स चेस्ट', 2007 में 'एट वल्ड्र्स एंड', 2011 में 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 2017 में 'डेड मेन टेल नो टेल्स' में अपना यही फेमस किरदार निभा चुके हैं। ब्रुकहाइमर ने अपने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने और डेप ने छठी सीरीज में उनके फेमस किरदार को लेकर बातचीत की है। प्रड्यूसर ने कहा कि डिज़्नी भले एक्टर से अलगाव कर चुका हो लेकिन वो 'सिटी ऑफ लाइज' स्टार को फिल्म में लेने के लिए एक्साइटेड हैं। याद दिला दें कि एम्बर हर्ड के साथ चल रहे घरेलू आरोप से जुड़े मुकदमे के दौरान एक्टर ने ये मान लिया था कि डिज़्नी ने उनसे नाता तोड़ लिया होगा।

### टॉलीवुड

## मुरुगदास की फिल्म 'दिल मद्रासी' का ट्रेलर रिलीज, जबरदस्त एक्शन करते दिखए शिव



'गजनी' और 'सिकंदर' जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले निर्देशक एआर मुरुगदास अब एक नई फिल्म 'दिल मद्रासी' लेकर आ रहे हैं। ये एक्शन पैक्ड फिल्म होगी। इस फिल्म में अभिनेता शिवकार्तिकेयन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

'दिल मद्रासी' का ट्रेलर जबरदस्त एक्शन से भरा हुआ है। इसमें एक्शन, इमोशन के साथ कमाल का बैकग्राउंड म्यूजिक भी सुनाई दे रहा है, जो इस ट्रेलर को और भी रोचक बनाता है। ट्रेलर में शिवकार्तिकेयन दमदार एक्शन सीन करते नजर आ रहे हैं, जिससे ये साबित होता है कि फिल्म एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होने वाली है। फिल्म में दिग्गज संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है, जो इस फिल्म को और भी खास बनाता है। फिल्म का ट्रेलर देखकर दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'दिल मद्रासी' के जरिए शिवकार्तिकेयन पहली बार एआर मुरुगदास की किसी फिल्म में नजर आएंगे। दोनों के पहली बार साथ आने से दर्शक इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं। फिल्म का निर्माण श्री लक्ष्मी मूवीज के बैनर तले किया गया है। अब एक्शन से भरपूर ये ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस इस फिल्म को देखने के लिए और उत्साहित हो गए हैं। एआर मुरुगदास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शिनकार्तिकेयन के अलावा रुक्मिणी वासंथ के साथ विद्युत जमवाल, बिजू मेनन, शबीर और विक्रांत सरीखे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। दर्शक इस फिल्म को 5 सितंबर को देखने के लिए उत्साहित हैं।

### भोजपुरी

## मनोज के नए गाने 'जब से चढ़ल बा जवानी' ने मचाई धूम, 2 दिन में 25 लाख व्यूज मिले



मनोज तिवारी का नया भोजपुरी गाना 'जबसे चढ़ल बा जवानी' रिलीज हुआ है और दो दिन में ही यूट्यूब पर छा गया है। साथ ही साथ म्यूजिक ट्रेंड में 19वें नंबर पर ट्रेंड हो रहा है। इस गाने को दो दिन में ही 25 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। मनोज तिवारी सिर्फ पॉलिटिशियन ही नहीं, भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर और सिंगर भी रहे हैं। उनका नया गाना 'जबसे चढ़ल बा जवानी' यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। मनोज तिवारी ने इस गाने को आवाज दी है। डायरेक्शन और कोरियोग्राफी मुद्दसर खान की है। गाना 26 अगस्त को रिलीज हुआ है और दो दिन में ही इसे 2,589,959 व्यूज मिल चुके हैं। ये गाना म्यूजिक ट्रेंडिंग चार्ट पर 19वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है।इस गाने पर फैंस खूब रिएक्ट कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'पुराने खिलाड़ी आ गए मैदान में।' दूसरे ने लिखा, 'शेर बूढ़ा हो सकता है, मगर शिकार करना कभी नहीं भूल सकता... मनोज तिवारी वही शेर हैं भोजपुरी गायकी के।' एक और ने लिखा, 'बीट भले ही पुराना हो, लेकिन वाइब आज भी किलर है।' उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्में मनोज ने साल 2003 में 'ससुरा बड़ा पैसावाला' फिल्म में काम किया है। उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में 'जिया हो बिहार के लाला' गाना गाया, जो जबरदस्त हिट हुआ। वो फिल्मों के अलावा टीवी पर भी काम कर चुके हैं। रिएलिटी शो 'बिग बॉस 4' में भी नजर आ चुके हैं। मनोज की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 1999 में रानी तिवारी से शादी की थी। इनकी एक बेटी भी है।

## मोरपंखी अदा

हाउते कॉउचर फ़ैशन वीक में इस बार चार दिनों में लगभग तीस शो लंदन में हुए। इस नए सीज़न ने कई लुभावने डिज़ाइन पेश किए। मोरपंख सी ब्राइडल गाउन को यहां खास तवज्जो मिली। इस ड्रेस ने उल्लेखनीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया और कलात्मक निर्देशकों की असीम रचनात्मकता के लिए एक जगह बनाई।



## ग्लोइंग त्वचा के लिए इस्तेमाल करें दूध से बनें ये फेस मास्क

अगर आप इंस्टेंट ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो दूध से बने फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, कच्चे दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन की समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। घरेलू फेस मास्क तैयार करने के लिए आपको ज्यादा पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे।

### दूध और शहद फेस मास्क

दूध से पहला फेस मास्क बनाने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध और 1 टेबलस्पून शहद मिक्स करें। अब इन दोनों चीजों को एक साथ अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। आखिर में गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### दूध और हल्दी फेस मास्क

इस मास्क को तैयार करने के लिए एक कटोरी में 2 टेबलस्पून दूध में 1 चुटकी हल्दी मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे से लेकर गर्दन तक पर लगाएं। 15 मिनट के बाद अपने चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। इससे भी आपका चेहरा खिल उठेगा।

### दूध और बेसन फेस मास्क

ये मास्क बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए 2 टेबलस्पून दूध में 1 टेबलस्पून बेसन मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर इसे 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ




देर के बाद चेहरे को पानी से धो लें।

### दूध और आलू का रस फेस मास्क

दूध के साथ-साथ आलू के रस में भी कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक हैं। इसका मास्क तैयार करने के लिए सबसे पहले 2 टेबलस्पून दूध में 2 टेबलस्पून आलू का रस मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के बाद चेहरे को धो लें।

## लैटे मेकअप में परफेक्ट लुक पाने के लिए इन टिप्स को जरूर करें फॉलो





मेकअप ट्रेन्ड समय के साथ हमेशा ही बदलते रहते हैं। पिछले कुछ समय से लैटे मेकअप काफी चलन में है। यह मेकअप आपको एक नेचुरल, सॉफ्ट और वार्म अपीयरेंस देता है। यह मेकअप कॉफी से इंस्पायर्ड है और इसमें ब्राउन के डिफरेंट शेड्स को शामिल किया जाता है। इन दिनों हर कोई लैटे मेकअप करना पसंद कर रहा है, लेकिन फिर भी हर कोई परफेक्ट लुक क्रिएट नहीं कर पाता है। परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ छोटे-छोटे टिप्स फॉलो करना जरूरी होता है।

### स्किन क्लीनिंग है जरूरी



लैटे मेकअप में नेचुरल फिनिश लुक क्रिएट किया जाता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप मेकअप से पहले अपनी स्किन को तैयार करें। लैटे मेकअप की शुरुआत करने से पहले आप एक बार अपनी स्किन को अच्छी तरह क्लीन करें और फिर उसे मॉइश्चराइज करें। स्किन को हाइड्रेट करने से मेकअप अधिक स्मूथ और फिनिश लुक देता है।

### लाइट हो फाउंडेशन

चूंकि लैटे मेकअप में नेचुरल और सन किस्ड लुक क्रिएट करने की कोशिश की जाती है, इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि आप लाइट फाउंडेशन ही करें। आप बेस के लिए बीबी क्रीम या फिर स्किन टिंट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फेस पर मॉइश्चराइजर लगाकर उसे लूज पाउडर से डैब कर सकती हैं।

### लाइनर व कंटूरिंग को करें अवॉयड

लैटे मेकअप करने में आपको बहुत अधिक समय नहीं लगता है। जब आप लैटे मेकअप कर रही हैं तो ऐसे में आप लाइनर को अवॉयड कर सकती हैं। इसके स्थान पर आप ब्राउन शेड पेंसिल को लैशलाइन के ऊपर लगाएं और फिर उसे हल्का सा स्मज कर दें।

## घर बैठे गालों को करना है गुलाबी तो अपनाएं कुछ घरेलू नुस्खे

कुछ घरेलू नुस्खे इस्तेमाल कर आप दमकती त्वचा पा सकती हैं। खास बात ये है कि इन नुस्खो को ट्राई करने के लिए आपको न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही ज्यादा पैसे खर्च करने की।

### चुकंदर का रस

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए चुकंदर का रस काफी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस निकालकर उसे अपने गालों पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। नियमित रूप से इसका इस्तेमाल करने से गालों पर गुलाबी रंगत आ सकती है।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन

ये दोनों चीजें आपकी त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करेंगी। इसके लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर रात में सोने से पहले गालों पर लगाएं। यह मिश्रण आपकी त्वचा को नमी प्रदान करेगा और गालों को चमकदार बनाएगा।



### एलोवेरा जेल

ताजे एलोवेरा जेल को गालों पर 10-15 मिनट तक मसाज करें और फिर धो लें। ये त्वचा की कई परेशानियों से राहत दिलाता है।

टमाटर का रस

त्वचा को चमकदार बनाए रखने के लिए ताजे टमाटर का रस गालों पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद धो लें। ये त्वचा से टैनिंग को भी दूर भगाता है।

## पायल लीजिए खास मौके के लिए

त्योहार खासतौर पर महिलाओं के लिए ही होते है, ऐसे में उनका सजना-संवरना तो बनता है। सुहागिन महिलाओं के पैरों में बिछिया के साथ-साथ पायल भी खूबसूरत लगती है। अगर आप अपने लिए नई पायल खरीदना चाहती हैं तो पहले जान लें कि आजकल ट्रेंड में क्या है ?

### पहली डिजाइन

बहुत से लोग वजन देखकर पायल खरीदते हैं। ऐसे में ये डिजाइन काफी सही रहेगी। आप चाहें तो ऐसी सिल्वर पायल का चयन कर सकती हैं। इस पर जो लाल और हरे कुंदन जड़े हैं, उसकी वजह से इसका लुक प्यारा दिख रहा है।

### दूसरी डिजाइन

आजकल इस तरह की डिजाइन काफी ट्रेंड में है। आपने ज्यादातर नई दुल्हनों को इस तरह की पायल पहनें देखा होगा। इस पायल में डोली बनी है, जो कि शादी के समय दिखाई देती है। ऐसे में आप भी इस डिजाइन का चयन कर सकती हैं।

### तीसरी डिजाइन

ऐसी मल्टी लेयर पायल आपकी खूबसूरती में चार चांद



लगाने का काम करेगी। अगर पैरों में भरी-भरी पायल पहनना चाहती हैं तो इस डिजाइन का चयन करें। ये आपके लुक को प्यारा दिखाने में मदद करेगी।

### चौथी डिजाइन

अगर सोने की पायल लेने का सोच रहीं हैं तो ये डिजाइन एक बेहतर विकल्प है। इस पायल में मोतियों के साथ पर्ल लगा है, जिसकी वजह से इसका लुक ज्यादा खूबसूरत लग रहा है। ऐसे में आप भी इस तरह की पायल भी खरीद सकती हैं।

### पांचवीं डिजाइन

अगर पहली बार हरतालिका का व्रत रख रहीं हैं तो इस तरह की चांदी की पायल खरीदें। नई दुल्हनों पर ऐसी पायल काफी जचती है। ऐसे में आप बिना झिझके आप इस तरह की पायल अपने खरीद सकती हैं।

कार्नर न्यूज


### बालों की सुंदरता बढ़ती है जरूरी एक्सेसरीज के इस्तेमाल से

## हेयर एक्सेसरीज से निखारिए अपना व्यक्तित्व लुक बदलने के साथ बाल भी दिखने लगेंगे सुंदर

बाल आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं और आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार कर सामने लाते हैं। ऐसे में हेयर एक्सेसरीज आपके लुक को एक नया आयाम दे सकती है और बालों को सुंदरता के साथ सजाने में मदद कर सकती है। पर्ल जालः यह एक्सेसरीज बन हेयर स्टाइल के साथ इस्तेमाल की जाती है, जो बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक देती है। यह पर्ल (मोती) के साथ जाल की तरह सजाई जाती है, जो आपके बालों को एक एलिगेंट और क्लासिक लुक देती है। पर्ल जाल हेयर एक्सेसरीज खासतौर पर विशेष अवसरों, जैसे कि शादी या पार्टी के लिए उपयुक्त है। यह आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी।







**पर्ल हेयर बैंडः** पर्ल से सजाए गए हेयर बैंड्स बालों को एक गॉर्जियस लुक देते हैं। पर्ल बैंड्स खासतौर पर पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स के लिए आदर्श होते हैं, लेकिन आप इनका इस्तेमाल डेली यूज में भी कर सकती हैं, जो आपको एक आकर्षक-सा लुक देने में मदद करेंगे। यह भी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

**नॉट हेयर बैंड :** ये हेयर बैंड नॉट डिजाइन के साथ आते हैं, जो आपको एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देते हैं। आजकल ये महिलाओं खासकर, लड़कियों की खास पसंद बने हुए हैं। नॉट हेयर बैंड्स बालों को सुसज्जित और व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आपके आउटफिट को भी आकर्षक बनाते हैं। ये कैजुअल लुक के लिए भी उपयुक्त हैं, हालांकि इनको इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं है, इसलिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ती है।

**हेयर क्लिप विद फ्लॉवरः** इसमें आपके बाल क्लिप फ्लॉवर डिजाइन के साथ होते हैं, जो बालों में सजावट करने उसे खूबसूरत और आकर्षित दिखाने का एक तरीका है। फ्लॉवर के साथ हेयर क्लिप का यह स्टाइल आपके बालों को सुंदर और नरम लुक देने का काम करता है। यह क्लिप आमतौर पर किसी छोटे-मोटे समारोह के लिए उपयुक्त हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं। लेकिन जरूरी है कि आप ऐसे फ्लॉवर का चयन करें, जो आपको क्लासी और खूबसूरत लुक प्रदान करें। बाजार में ये भी आपको आसानी से मिल जाएंगे।